# PART – I / भाग – I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

*Directions : Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 30) by selecting the correct/most appropriate options.*

1. **Which of the following practices promote meaningful learning ?**
   (i) Corporal punishment
   (ii) Co-operative learning environment
   (iii) Continuous and comprehensive evaluation
   (iv) Constant comparative evaluation
   (1) (ii), (iii), (iv)
   (2) (i), (ii)
   (3) (ii), (iii)
   (4) (i), (ii), (iii)

2. **How can teachers facilitate understanding of complex concepts in children ?**
   (1) By providing opportunities for exploration and discussion
   (2) By delivering a lecture
   (3) By organizing competitive events
   (4) By repetitive mechanical drill

3. **A primary school teacher can encourage children to become effective problem solvers by**
   (1) encouraging children to make intuitive guesses and then brainstorming on the same.
   (2) offering materialistic rewards for every small tasks.
   (3) emphasizing only on procedural knowledge.
   (4) dismissing and penalizing 'incorrect answers'.

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 30) के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

1. **निम्नलिखित में से कौन सी प्रथाएँ सार्थक अधिगम को बढ़ावा देती हैं ?**
   (i) शारीरिक दंड
   (ii) सहयोगात्मक अधिगम पर्यावरण
   (iii) सतत् एवं समग्र मूल्यांकन
   (iv) निरंतर तुलनात्मक मूल्यांकन
   (1) (ii), (iii), (iv)
   (2) (i), (ii)
   (3) (ii), (iii)
   (4) (i), (ii), (iii)

2. **शिक्षक बच्चों की जटिल अवधारणाओं की समझ को किस प्रकार सहज कर सकते हैं ?**
   (1) अन्वेषण एवं परिचर्चा के लिए अवसर उपलब्ध करके।
   (2) एक व्याख्यान देकर के।
   (3) प्रतियोगितात्मक अवसरों की व्यवस्था करके।
   (4) बार–बार यांत्रिक अभ्यास के द्वारा।

3. **एक प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका बच्चों को एक प्रभावशाली समस्या-समाधानकर्ता बनने के लिए किस प्रकार से प्रोत्साहित कर सकती है ?**
   (1) बच्चों को सहजानुभूत अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करके तथा उसी पर आधारित विचार मंथन करके
   (2) प्रत्येक छोटे कार्य के लिए भौतिक पुरस्कार देकर।
   (3) केवल प्रक्रियात्मक ज्ञान पर बल/महत्त्व देकर।
   (4) 'गलत उत्तरों' को अस्वीकार करके एवं दंडित करके।

4. Which of the following are examples of secondary socializing agency ?

(1) Media and neighbourhood

(2) Family and neighbourhood

(3) Family and media

(4) School and media

5. In which of the following periods does physical growth and development occur at a rapid pace ?

(1) Adolescence and adulthood

(2) Infancy and early childhood

(3) Early childhood and middle childhood

(4) Middle childhood and adolescence

6. Which of the following is NOT a principle of development ?

(1) Development is universal and cultural contents do not influence it.

(2) Development is lifelong.

(3) Development is modifiable.

(4) Development is influenced by both heredity and environment.

7. The primary cause of individual variations is

(1) the complex interplay between the heredity and the environment.

(2) the genetic code received by the individuals from birth parents.

(3) the inborn characteristics.

(4) the environmental influences.

4. निम्नलिखित में से कौन सा द्वितीयक सामाजीकरण एजेन्सी का उदाहरण है ?

(1) मीडिया एवं पास-पड़ोस

(2) परिवार एवं पास-पड़ोस

(3) परिवार एवं मीडिया

(4) विद्यालय एवं मीडिया

5. निम्नलिखित अवधि में से किसमें शारीरिक वृद्धि एवं विकास तीव्र गति से घटित होता है ?

(1) किशोरावस्था एवं वयस्कता

(2) शैशवावस्था एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था

(3) प्रारंभिक बाल्यावस्था एवं मध्य बाल्यावस्था

(4) मध्य बाल्यावस्था एवं किशोरावस्था

6. निम्नलिखित में से कौन सा विकास का सिद्धांत <u>नहीं</u> है ?

(1) विकास सार्वभौमिक है तथा सांस्कृतिक संदर्भ इसे प्रभावित नहीं करते ।

(2) विकास जीवनपर्यन्त होता है ।

(3) विकास परिवर्त्य होता है ।

(4) विकास आनुवंशिकता एवं पर्यावरण दोनों के द्वारा प्रभावित होता है ।

7. वैयक्तिक विभिन्नताओं का प्राथमिक कारण क्या है ?

(1) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण के बीच जटिल पारस्परिक क्रिया ।

(2) लोगों के द्वारा माता-पिता से प्राप्त आनुवंशिक संकेत पद्धति (कोड)

(3) जन्मजात विशेषताएँ

(4) पर्यावरणीय प्रभाव

8. Which of the following is an effective strategy to reduce children's gender stereotyping and gender-role conformity ?
   (1) Gender-segregated seating arrangement
   (2) Discussion about gender bias
   (3) Emphasizing gender-specific roles
   (4) Gender-segregated play groups

9. Which of the following theorists while viewing children as active seekers of knowledge emphasized the influence of social and cultural contents on their thinking ?
   (1) Lawrence Kohlberg
   (2) John B. Watson
   (3) Lev Vygotsky
   (4) Jean Piaget

10. The most critical period of acquisition and development of language is
   (1) adolescence.
   (2) pre-natal period.
   (3) early childhood.
   (4) middle childhood.

11. Which of the following is a stage of moral development proposed by Lawrence Kohlberg ?
   (1) Industry vs. Inferiority stage
   (2) Latency Stage
   (3) The social contract orientation
   (4) Concrete operational stage

12. During classroom discussions, a teacher often pays more attention to boys than girls. This is an example of
   (1) Gender constancy.
   (2) Gender bias.
   (3) Gender identity.
   (4) Gender relevance.

8. बच्चों में जेंडर रूढ़िवादिता एवं जेंडर-भूमिका अनुरूपता को कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति प्रभावशाली है ?
   (1) जेंडर-पृथक बैठने की व्यवस्था करना ।
   (2) जेंडर-पक्षपात के बारे में परिचर्चा ।
   (3) जेंडर-विशिष्ट भूमिकाओं को महत्त्व देना ।
   (4) जेंडर-पृथक खेल समूह बनाना ।

9. निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक ने बच्चों को ज्ञान के सक्रिय जिज्ञासु के रूप में देखते हुए उनके चिंतन पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषय वस्तुओं के प्रभाव को महत्त्व दिया ?
   (1) लॉरेंस कोलबर्ग
   (2) जॉन बी. वाट्सन
   (3) लेव वायगोट्स्की
   (4) ज़ीन पियाज़े

10. भाषा के अर्जन एवं विकास के लिए सर्वाधिक संवेदनशील अवधि कौन सी है ?
   (1) किशोरावस्था
   (2) जन्म पूर्व अवधि
   (3) प्रारंभिक बाल्यावस्था
   (4) मध्य बाल्यावस्था

11. निम्नलिखित में से कौन सी लॉरेंस कोलबर्ग के द्वारा प्रस्तावित नैतिक विकास की एक अवस्था है ?
   (1) उद्योग बनाम अधीनता अवस्था
   (2) प्रसुप्ति अवस्था
   (3) सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास
   (4) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

12. कक्षा में परिचर्चा के दौरान एक शिक्षक प्राय: लड़कियों की तुलना में लड़कों पर अधिक ध्यान देता है । यह किसका उदाहरण है ?
   (1) जेंडर समरूपता
   (2) जेंडर पक्षपात
   (3) जेंडर पहचान
   (4) जेंडर संबद्धता

**13. Which of the following is a Piagetian construct in the context of cognitive development of children ?**

(1) Reinforcement

(2) Schemas

(3) Observational learning

(4) Conditioning

**14. While working on a jig-saw puzzle, 5 years old Najma says to herself, "Where is the blue piece ? No, not this one, darker one that would go here and make this shoe".**

**This kind of talk is referred to by Vygotsky as**

(1) egocentric speech.

(2) private speech.

(3) talk aloud.

(4) scaffolding.

**15. Giving cues to children and offering support as and when needed is an example of**

(1) scaffolding.

(2) reinforcement.

(3) conditioning.

(4) modelling.

**16. Which of the following behaviours characterize the 'concrete operational stage' as proposed by Jean Piaget ?**

(1) Make-believe play; irreversibility of thought

(2) Hypothetico-deduction reasoning; propositional thought

(3) Conservation; class inclusion

(4) Deferred imitation; object permanence

**13. बच्चों के संज्ञानात्मक विकास के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सी पियाजे की संरचना है ?**

(1) प्रबलन

(2) स्कीमा

(3) अवलोकन अधिगम

(4) अनुबंधन

**14. जिग-सॉ पहेली को करते समय 5 वर्ष की नज्मा स्वयं से कहती है, "नीला टुकड़ा कहाँ है ? नहीं, यह वाला नहीं, गाढ़े रंग वाला जिससे यह जूता पूरा बन जाएगा" ।**

**इस प्रकार की वार्ता को वायगोट्स्की किस तरह संबोधित करते हैं ?**

(1) आत्मकेन्द्रित वार्ता

(2) व्यक्तिगत वार्ता

(3) जोर से बोलना

(4) पाड़ (ढाँचा)

**15. बच्चों को संकेत देना तथा आवश्यकता पड़ने पर सहयोग प्रदान करना, निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?**

(1) पाड़ (ढाँचा)

(2) प्रबलन

(3) अनुबंधन

(4) मॉडलिंग

**16. निम्नलिखित व्यवहारों में से कौन सा ज्रीन पियाजे के द्वारा प्रस्तावित 'मूर्त संक्रियात्मक अवस्था' को विशेषित करता है ?**

(1) प्रतीकात्मक खेल; विचारों की अनुत्क्रमणीयता

(2) परिकल्पित-निगमनात्मक तर्क; साध्यात्मक विचार

(3) संरक्षण; कक्षा समावेशन

(4) आस्थगित अनुकरण; पदार्थ स्थायित्व

17. Primary objective of Assessment should be

(1) marking pass or fail in the report cards.

(2) assigning rank to students.

(3) understanding children's clarity and confusions about related concepts.

(4) labelling students as per their score.

18. Which of the following statements about intelligence is correct ?

(1) Intelligence is multi-dimensional and a set of complex abilities.

(2) Intelligence is a fixed ability determined at the time of birth only.

(3) Intelligence can be accurately measured and determined by using standardized tests.

(4) Intelligence is a unitary factor and a single trait.

19. Ruhi always thinks of multiple solutions to a problem many of which are original solutions. Ruhi is displaying characteristics of a/an

(1) egocentric thinker.

(2) creative thinker.

(3) convergent thinker.

(4) rigid thinker.

17. आकलन का प्राथमिक उद्देश्य क्या होना चाहिए ?

(1) रिपोर्ट कार्ड में उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण अंकित करना ।

(2) विद्यार्थियों के लिए श्रेणी निश्चित करना ।

(3) संबंधित अवधारणाओं के बारे में बच्चों की स्पष्टता तथा भ्रांतियों को समझना ।

(4) विद्यार्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर उनको नामांकित करना ।

18. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा बुद्धि के बारे में सही है ?

(1) बुद्धि बहु-आयामी है तथा जटिल योग्यताओं का एक समूह है ।

(2) बुद्धि एक निश्चित योग्यता है जो जन्म के समय ही निर्धारित होती है ।

(3) बुद्धि को मानकीकृत परीक्षणों के प्रयोग से सटीक रूप से मापा एवं निर्धारित किया जा सकता है ।

(4) बुद्धि एक एकात्मक कारक तथा एक एकाकी विशेषक है ।

19. रूही हमेशा समस्या के एकाधिक समाधानों के बारे में सोचती है । इनमें से काफी समाधान मौलिक होते हैं । रूही किन गुणों का प्रदर्शन कर रही है ?

(1) आत्म-केन्द्रित विचारक

(2) सृजनात्मक विचारक

(3) अभिसारिक विचारक

(4) अनम्य विचारक

20. The concept of 'Inclusive Education' as advocated in the Right to Education Act, 2009 is based on

(1) mainstreaming of the disabled by offering them primarily vocational education.
(2) the behaviouristic principles.
(3) a sympathetic attitude towards disabled.
(4) a rights-based humanistic perspective.

21. In a situation of less participation of students belonging to a deprived group in teaching – learning process, a teacher should

(1) reflect on her own teaching and find ways to improve student's involvement.
(2) ask the children to withdraw from school.
(3) accept this situation as it is.
(4) lower her expectations from such students.

22. In an inclusive classroom, a teacher ________ Individualized Education Plans.

(1) should discourage the preparation of
(2) should not prepare
(3) should occasionally prepare
(4) should actively prepare

23. The primary characteristic of children with 'dyslexia' includes

(1) engaging in repetitive locomotor actions.
(2) attention deficit disorders.
(3) divergent thinking; fluency in reading.
(4) inability to read fluently.

20. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में उल्लेख की गई 'समावेशी शिक्षा' की अवधारणा निम्नलिखित में किस पर आधारित है ?

(1) मुख्यत: व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध करा करके अशक्त बच्चों को मुख्यधारा में शामिल करना
(2) व्यवहारवादी सिद्धांत
(3) अशक्त बच्चों के प्रति एक सहानुभूतिक अभिवृत्ति
(4) अधिकार-आधारित मानवतावादी परिप्रेक्ष्य

21. शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में, वंचित समूह से संबंधित विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता कम होने की स्थिति में एक शिक्षक को क्या करना चाहिए ?

(1) अपनी शिक्षण पद्धति पर विचार करना चाहिए तथा बच्चों की सहभागिता में सुधार करने के लिए नए तरीके ढूँढ़ने चाहिए ।
(2) बच्चों को विद्यालय छोड़ने के लिए कहना चाहिए ।
(3) इस स्थिति को जैसी है, स्वीकार कर लेना चाहिए ।
(4) इन विद्यार्थियों से अपनी अपेक्षाओं को कम करना चाहिए ।

22. एक समावेशी कक्षा में, एक शिक्षक को विशिष्ट शैक्षिक योजनाओं को

(1) तैयार करने के लिए हतोत्साहित होना चाहिए ।
(2) तैयार नहीं करना चाहिए ।
(3) कभी-कभी तैयार करना चाहिए ।
(4) सक्रिय रूप से तैयार करना चाहिए ।

23. 'पठनवैफल्य' बच्चों के प्राथमिक लक्षण क्या हैं ?

(1) एक ही गतिविषयक कार्य को बार-बार दोहराना
(2) न्यून-अवधान विकार
(3) अपसारी चिंतन; पढ़ने में धाराप्रवाहिता
(4) धाराप्रवाह पढ़ने की अक्षमता

24. Emotions and cognition are ________ each other.

(1) not related to

(2) completely separate from

(3) independent of

(4) inter-woven with

25. In the constructivist framework, learning is primarily

(1) focused on the process of meaning-making.

(2) based on rote-memorization.

(3) centered around reinforcement.

(4) acquired through conditioning.

26. 'Naive theories' that children construct about various phenomenon

(1) should be challenged by presenting counter evidence and examples.

(2) should be ignored by the teacher.

(3) should be punished by the teacher.

(4) should be 'replaced' by correct one through repetitive memorization.

27. Child-centered pedagogy promotes

(1) labelling and categorization of students base on ability.

(2) exclusive reliance on text books.

(3) giving primacy to children's experiences.

(4) rote memorisation.

24. संवेग एवं संज्ञान एक दूसरे से ______ हैं।

(1) संबंधित नहीं

(2) पूर्णतया अलग

(3) स्वतंत्र

(4) सन्निहित

25. संरचनावादी ढाँचे में, अधिगम प्राथमिक रूप से

(1) अवबोधन की प्रक्रिया पर केंद्रित है।

(2) यंत्रवत् याद करने पर आधारित है।

(3) प्रबलन पर केंद्रित है।

(4) अनुबंधन द्वारा अर्जित है।

26. अनेक घटनाओं के बारे में बच्चों के द्वारा बनाए गए 'सहजानुभूत सिद्धांतों' के संदर्भ में एक शिक्षिका को क्या करना चाहिए ?

(1) प्रतिकूल प्रमाण एवं उदाहरणों को प्रस्तुत करके बच्चों के इन सिद्धान्तों को चुनौती देनी चाहिए।

(2) बच्चों के इन सिद्धान्तों को अनदेखा करना चाहिए।

(3) बच्चों को दंडित करना चाहिए।

(4) बार-बार याद करने के द्वारा एक सही सिद्धांत से 'बदल' देना चाहिए।

27. छात्र केंद्रित शिक्षाशास्त्र की क्या विशेषता है ?

(1) योग्यता के आधार पर विद्यार्थियों को नामांकित करना तथा वर्गीकरण करना

(2) केवल पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर होना

(3) बच्चों के अनुभवों को प्रमुखता देना

(4) यंत्रवत् याद करना

28. **Which of the following statements about learning is correct from a constructivist perspective ?**

(1) Learning is the process of construction of knowledge by active engagement.

(2) Learning is the process of reproduction and recall.

(3) Learning is the process of rote memorization.

(4) Learning is conditioning of behaviours by repetitive association.

28. **संरचनावादी सिद्धान्तों के अनुसार अधिगम के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**

(1) अधिगम सक्रिय विनियोजन के द्वारा ज्ञान की संरचना की प्रक्रिया है ।

(2) अधिगम पुनरुत्पादन एवं स्मरण की प्रक्रिया है ।

(3) अधिगम यंत्रवत् याद करने की प्रक्रिया है ।

(4) अधिगम आवृत्तीय संबंध के द्वारा व्यवहारों का अनुबंधन है ।

29. **Presenting students with clear examples and non-examples**

(1) focuses on procedural knowledge rather than conceptual understanding.

(2) is an effective way to encourage conceptual change.

(3) leads to confusion in the minds of students.

(4) causes gaps in their understanding of concepts.

29. **विद्यार्थियों को स्पष्ट उदाहरण एवं गैर-उदाहरण देने के क्या परिणाम है ?**

(1) यह अवधारणात्मक समझ के बजाय कार्यविधिक/प्रक्रियात्मक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करता है ।

(2) अवधारणात्मक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने के लिए यह एक प्रभावशाली तरीका है ।

(3) यह विद्यार्थियों के दिमाग में भ्रांतियाँ उत्पन्न करता है ।

(4) यह अवधारणाओं की समझ में अभाव पैदा करता है ।

30. **Repeatedly asking children to engage in learning activities either to avoid punishment or to gain a reward**

(1) decreases children's natural interest and curiosity involved in learning.

(2) decreases extrinsic motivation.

(3) increases intrinsic motivation.

(4) would encourage children to focus on mastery rather than performance goals.

30. **बच्चों को अधिगम गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए लगातार पुरस्कार देना व दंड का प्रयोग करने से क्या प्रभाव पड़ता है ?**

(1) अधिगम में बच्चों की स्वाभाविक अभिरुचि तथा जिज्ञासा कम होती है ।

(2) बाहरी अभिप्रेरणा कम होती है ।

(3) आंतरिक अभिप्रेरणा बढ़ती है ।

(4) यह बच्चों को प्रदर्शन आधारित लक्ष्यों के बजाय निपुणता पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करेगा ।

## PART – II / भाग – II
## MATHEMATICS / गणित

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.*

**31. Which of the following is an indicator of mathematical reasoning ?**

(1) Ability to recall the correct formulae in different situations.

(2) Ability to provide definitions of mathematical concepts.

(3) Ability to provide a justification for a mathematical procedure.

(4) Ability to calculate efficiently.

**32. Identify a desirable practice for teaching Geometry at primary level ?**

(1) Developing extensive geometric vocabulary need not be an objective at primary level.

(2) Geometry at primary level should be limited to recognition of simple basic shapes.

(3) The teacher should begin by giving clear definitions of simple shapes and showing examples.

(4) Children should be given ample opportunities to develop an intuitive understanding of space.

***निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31. निम्नलिखित में से क्या गणितीय तर्कणा का सूचक है ?**

(1) विभिन्न परिस्थितियों में सही सूत्रों को स्मरण करने की क्षमता ।

(2) गणितीय संकल्पनाओं की परिभाषा देने की क्षमता

(3) गणितीय प्रक्रिया की तर्कसंगतता देने की क्षमता

(4) परिकलन में निपुणता की क्षमता

**32. प्राथमिक स्तर पर ज्यामिति के अध्यापन के लिए वांछनीय प्रक्रिया पहचानिए ।**

(1) प्राथमिक स्तर पर व्यापक ज्यामितीय शब्दसंग्रह का विकास करना उद्देश्य नहीं होना चाहिए ।

(2) प्राथमिक स्तर पर ज्यामिति को सरल मूलभूत आकृतियों की पहचान तक सीमित रखना चाहिए ।

(3) अध्यापक को प्रारंभ में सरल आकृतियों की स्पष्ट परिभाषा देनी चाहिए और उदाहरण दिखाने चाहिए ।

(4) बच्चों को प्रचुर अवसर दिए जाने चाहिए कि वे दिक्स्थान की अंतर्दर्शी समझ को विकसित कर सकें ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

33. The price list of vegetables in a super market is given as follows :

| Item | Quantity | Price (₹) |
|---|---|---|
| Tomato | 1 kg | 40 |
| Potato | 2 kg | 25 |
| Carrot | 250 g | 20 |
| Bottlegourd | 1 kg | 10 |
| Chillies | 100 g | 10 |
| Lemon | 4 pieces | 10 |

Sanjay buys $\frac{1}{2}$ kg tomatoes, 1 kg potatoes, $\frac{1}{2}$ kg carrot, 250 g chillies and 6 lemons. He gives a note of ₹ 200 to the bill clerk at the counter. How much money will he get back ?

(1) ₹ 97.50

(2) ₹ 112.50

(3) ₹ 87.50

(4) ₹ 86.50

33. सुपर बाज़ार में सब्जियों की मूल्य सूची निम्नलिखित है :

| वस्तु | मात्रा | मूल्य (₹ में) |
|---|---|---|
| टमाटर | 1 kg | 40 |
| आलू | 2 kg | 25 |
| गाजर | 250 g | 20 |
| लौकी | 1 kg | 10 |
| मिर्च | 100 g | 10 |
| नींबू | 4 नग | 10 |

संजय ने $\frac{1}{2}$ kg टमाटर, 1 kg आलू, $\frac{1}{2}$ kg गाजर, 250 g मिर्च और 6 नींबू खरीदे । उसने बिल क्लर्क को काउंटर पर ₹ 200 का नोट दिया । उसे कितने रुपये वापिस मिलेंगे ?

(1) ₹ 97.50

(2) ₹ 112.50

(3) ₹ 87.50

(4) ₹ 86.50

34. The parking rates of car in a railway station parking are depicted as follows :

(a) Upto 2 hrs – ₹ 50

(b) More than 2 hrs and upto 5 hrs – ₹ 75

(c) After 5 hrs – ₹ 10 per extra hour upto 8 hrs.

(d) More than 8 hrs and upto 12 hrs – ₹ 150

(e) More than 12 hrs and upto 24 hrs – ₹ 250

Rajeev parks his car at 7.00 a.m. and comes back to pick it up at 4.30 p.m. on the same day. How much money does he have to pay ?

(1) ₹ 100
(2) ₹ 135
(3) ₹ 150
(4) ₹ 130

34. एक रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग की पार्किंग दर निम्न रूप से चित्रित की गई है :

(a) 2 घण्टे तक – ₹ 50

(b) 2 घण्टे से ऊपर और 5 घण्टे तक – ₹ 75

(c) 5 घण्टे के पश्चात – 8 घण्टे तक प्रति अतिरिक्त घण्टा ₹ 10

(d) 8 घण्टे से ऊपर और 12 घण्टे तक – ₹ 150

(e) 12 घण्टे से ऊपर और 24 घंटे तक – ₹ 250

राजीव ने अपनी कार को 7.00 a.m. पर पार्क किया और उसे उसी दिन ही लेने वह 4.30 p.m. पर आया । उसे कितने रुपए का भुगतान करना होगा ?

(1) ₹ 100
(2) ₹ 135
(3) ₹ 150
(4) ₹ 130

35. • I am a 2 digit number.

• The digit in tens place and the digit in units place are consecutive prime numbers.

• The sum of digits is multiple of 3 and 4.

The number is

(1) 13
(2) 57
(3) 23
(4) 35

35. • मैं एक दो अंकों की संख्या हूँ ।

• दहाई के स्थान पर अंक और इकाई के स्थान पर अंक क्रमिक अभाज्य संख्याएँ हैं ।

• अंकों का योग 3 और 4 का गुणज है ।

संख्या है :

(1) 13
(2) 57
(3) 23
(4) 35

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

36. In a five digit number, the digit at ten's place is 8, digit at units place is one-fourth of the digit at ten's place, the digit at thousands place is 0, digit at hundreds place is twice that of units place and the digit at ten thousands place is thrice the digit at unit's place. What is the number ?

(1) 60482

(2) 64082

(3) 64028

(4) 46028

37. Which of the following is at third place when the numbers are arranged in ascending order ?

7.07, 7.70, 7.707, 7.007, 0.77

(1) 7.707

(2) 7.70

(3) 7.007

(4) 7.07

36. एक पाँच अंकों की संख्या में, दहाई के स्थान का अंक 8, इकाई के स्थान का अंक दहाई के स्थान के अंक का एक-चौथाई, हज़ार के स्थान का अंक 0, सौवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का दुगुना और दस हज़ारवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का तिगुना है । संख्या क्या है ?

(1) 60482

(2) 64082

(3) 64028

(4) 46028

37. आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर निम्नलिखित में से कौन सी संख्या तृतीय स्थान पर होगी ?

7.07, 7.70, 7.707, 7.007, 0.77

(1) 7.707

(2) 7.70

(3) 7.007

(4) 7.07

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

38. The side of a square is 4 cm. It is cut into 4 equal squares. What is the area of each small square ?

(1) $8 \text{ cm}^2$

(2) $4 \text{ cm}^2$

(3) $1 \text{ cm}^2$

(4) $16 \text{ cm}^2$

39. Three brands of pens A, B and C are available in packets of 10, 12 and 24 respectively. If a shopkeeper wants to buy equal number of pens of each brand, what is the minimum number of packets of each brand, he should buy ?

(1) A = 12, B = 10, C = 5

(2) A = 10, B = 12, C = 5

(3) A = 5, B = 12, C = 10

(4) A = 10, B = 5, C = 12

38. एक वर्ग की भुजा 4 cm है । इसे काट कर 4 बराबर वर्गों में विभाजित किया गया है । प्रत्येक छोटे वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा ?

(1) $8 \text{ cm}^2$

(2) $4 \text{ cm}^2$

(3) $1 \text{ cm}^2$

(4) $16 \text{ cm}^2$

39. तीन ब्रांड A, B तथा C के पेन क्रमशः 10, 12 और 24 के पैकेटों में उपलब्ध हैं । यदि एक दुकानदार को तीनों प्रकार के पेन समान संख्या में खरीदने हैं, तो उसके द्वारा खरीदे जाने वाले पैकेटों की न्यूनतम संख्या क्या होगी ?

(1) A = 12, B = 10, C = 5

(2) A = 10, B = 12, C = 5

(3) A = 5, B = 12, C = 10

(4) A = 10, B = 5, C = 12

40. Which of the following statements is not correct ?

(1) There are only four single digit prime numbers.

(2) All prime numbers are odd numbers.

(3) There are infinitely many prime numbers.

(4) A prime number has only two factors.

40. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) एक अंक वाली केवल चार अभाज्य संख्याएँ हैं ।

(2) सभी अभाज्य संख्याएँ विषम संख्याएँ होती हैं ।

(3) अभाज्य संख्याएँ अपरिमित रूप से अनेक हैं ।

(4) अभाज्य संख्याओं के केवल दो गुणनखण्ड होते हैं ।

41. A number that is divisible by all the numbers from 1 to 10 (both inclusive) is

(1) 2520

(2) 10

(3) 100

(4) 604

41. वह संख्या जो 1 से 10 (दोनों सम्मिलित) तक सभी संख्याओं से विभाज्य होगी, निम्न है :

(1) 2520

(2) 10

(3) 100

(4) 604

42. Ayesha has only ₹ 5 and ₹ 10 coins with her. If the total number of coins she has is 25 and the amount of money with her is ₹ 160, then the number of ₹ 5 and ₹ 10 coins with her are

(1) 20 and 5 respectively

(2) 18 and 7 respectively

(3) 10 and 15 respectively

(4) 15 and 10 respectively

42. आयशा के पास केवल ₹ 5 और ₹ 10 के सिक्के हैं । यदि उसके पास सिक्कों की कुल संख्या 25 और ₹ 160 का धन है, तो उसके पास ₹ 5 और ₹ 10 के सिक्कों की संख्या है :

(1) क्रमशः 20 और 5

(2) क्रमशः 18 और 7

(3) क्रमशः 10 और 15

(4) क्रमशः 15 और 10

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

43. One-sixth of the trees in a garden are neem trees. Half of the trees are Ashoka trees and the remaining are eucalyptus trees. If the number of neem trees is five, how many eucalyptus trees are there in the garden ?

(1) 20

(2) 5

(3) 10

(4) 15

44. Evaluate :

$17.5 \times 3 - 21 \div 7 - 3 \times 12.5$

(1) 50

(2) 52.5

(3) 12

(4) 120

43. एक बाग के वृक्षों में नीम के वृक्षों की संख्या एक-छठवाँ भाग है । आधे वृक्ष अशोक के हैं और शेष यूकेलिप्टस के हैं । यदि नीम के वृक्षों की संख्या 5 है, तो बाग में यूकेलिप्टस के कितने वृक्ष हैं ?

(1) 20

(2) 5

(3) 10

(4) 15

44. मान ज्ञात कीजिए :

$17.5 \times 3 - 21 \div 7 - 3 \times 12.5$

(1) 50

(2) 52.5

(3) 12

(4) 120

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

45. In which of the following, lengths have been arranged in decreasing order ?

(1) 8500 mm, 80 dm 8 cm, 800 cm 8 mm, 8 m

(2) 8500 mm, 800 cm 8 mm, 80 dm 8 cm, 8 m

(3) 80 dm 8 cm, 8500 mm, 8 m, 800 cm 8 mm

(4) 8 m, 80 dm 8 cm, 8500 mm, 800 cm 8 mm

46. A train leaves Delhi on 29th August, 2019 at 16 : 30 hours and reaches its destination on 31st August at 08 : 45 hours. The total travel time of the journey is

(1) 40 hours 15 minutes

(2) 36 hours 15 minutes

(3) 38 hours 45 minutes

(4) 39 hours 45 minutes

45. निम्नलिखित में से किसमें लम्बाइयों को घटते क्रम में व्यवस्थित किया गया है ?

(1) 8500 mm, 80 dm 8 cm, 800 cm 8 mm, 8 m

(2) 8500 mm, 800 cm 8 mm, 80 dm 8 cm, 8 m

(3) 80 dm, 8 cm, 8500 mm, 8 m, 800 cm 8 mm

(4) 8 m, 80 dm 8 cm, 8500 mm, 800 cm 8 mm

46. एक रेलगाड़ी दिल्ली से 29 अगस्त, 2019 को 16 : 30 बजे प्रस्थान करती है और अपने गंतव्य पर 31 अगस्त को 08 : 45 बजे पहुँचती है । इस यात्रा का कुल समय है

(1) 40 घंटे 15 मिनट

(2) 36 घंटे 15 मिनट

(3) 38 घंटे 45 मिनट

(4) 39 घंटे 45 मिनट

47. A 180 cm long wire is formed into a rectangle. If the width of this rectangle is 30 cm, what is its length ?

(1) 120 cm

(2) 45 cm

(3) 60 cm

(4) 90 cm

48. When asked to write 44, some students of grade II wrote it as 404. As a teacher, how will you address this ?

(1) tell them to find out correct answer

(2) correct their answer in their copies

(3) explain principle of exchange using concrete material

(4) group them with those who have done it correctly

49. The main purpose of introducing 'mapping' in the primary Mathematics curriculum is/are

A. to promote spatial thinking

B. to promote proportional reasoning

C. to make subject easy and interesting

D. to break the monotony of numbers

(1) B & C

(2) A & C

(3) A & D

(4) A & B

47. एक 180 cm लम्बी तार को एक आयत का रूप दिया गया । यदि आयत की चौड़ाई 30 cm है, तो इसकी लम्बाई क्या है ?

(1) 120 cm

(2) 45 cm

(3) 60 cm

(4) 90 cm

48. कक्षा II के छात्रों को 44 लिखने के लिए कहा गया, तो कुछ ने 404 लिखा । अध्यापक के रूप में आप इसको कैसे संबोधित करेंगे ?

(1) उन्हें सही उत्तर प्राप्त करने के लिए कहेंगे ।

(2) उनकी कॉपियों में सही उत्तर लिखेंगे ।

(3) उन्हें मूर्त पदार्थ से विनिमय नियम समझायेंगे ।

(4) उनको उस समूह में रखेंगे, जिसने सही लिखा है ।

49. गणित के प्राथमिक पाठ्यक्रम में 'प्रतिचित्रण' का परिचय देने का मुख्य प्रयोजन है

A. त्रिविम विचार–क्षमता को प्रोत्साहन देना ।

B. आनुपातिक विवेचन को प्रोत्साहन देना ।

C. विषय को सरल और रुचिकर बनाना ।

D. संख्याओं की नीरसता को समाप्त करना ।

(1) B और C

(2) A और C

(3) A और D

(4) A और B

50. Which of the following resources/TLM can be used by the teacher to show that two rectangles of different dimensions can have same area without using formula ?

A. Scale

B. Graph paper

C. Thread

D. Tiles

(1) A & D

(2) only B

(3) B & D

(4) only C

50. सूत्र का प्रयोग किए बिना अध्यापक, निम्नलिखित में से किन साधनों/शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग यह दर्शाने के लिए कर सकता है, कि विभिन्न आयामों वाले दो आयतों का क्षेत्रफल समान हो सकता है :

A. पैमाना

B. ग्राफ पेपर

C. धागा

D. टाइल

(1) A और D

(2) केवल B

(3) B और D

(4) केवल C

51. Which of the following topics are not part of primary school Mathematics curriculum as per NCF 2005 ?

(1) Ratio

(2) Tessellation

(3) Symmetry

(4) Patterns

51. एन सी एफ (राष्ट्रीय पाठ्यचर्या) 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन से विषय प्राथमिक विद्यालय में गणित पाठ्यक्रम का भाग नहीं हैं ?

(1) अनुपात

(2) चौपड़ (टाइलिंग)

(3) सममिति

(4) प्रतिरूप

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

52. Which of the following could be contributing factor to underachievement in mathematics ?

(1) Innate ability of person
(2) Gender
(3) Socio-cultural backbroud
(4) Nature of Mathematics

53. Which of the following is the most appropriate strategy to explain that $\frac{1}{4}$ is less than $\frac{1}{3}$ ?

(1) using number chart
(2) using LCM method
(3) using paper strips
(4) using Dienes blocks

54. Which of the following is the most important aspect of making lesson plan while teaching Mathematics to primary school children ?

(1) writing activities and questions for reference.
(2) following the sequence of text book.
(3) presenting mathematical concepts in structured manner.
(4) providing opportunities to students to allow construction of concepts.

52. निम्न में से गणित में उपलब्धि कम होने का कारण क्या हो सकता है ?

(1) व्यक्ति की स्वाभाविक क्षमता
(2) लिंग
(3) सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि
(4) गणित का स्वरूप

53. यह समझाने के लिए कि $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{3}$ से छोटा है, निम्नलिखित में से कौन सी योजना सबसे अधिक उपयुक्त है ?

(1) संख्या चार्ट का प्रयोग
(2) लघुत्तम समापवर्तक विधि का प्रयोग
(3) कागज की पट्टियों का प्रयोग
(4) डाइनिस ब्लॉक्स (Dienes blocks) का प्रयोग

54. प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को गणित पढ़ाने के लिए बनाई जाने वाली पाठ योजना का निम्नलिखित में से कौन सा अति महत्त्वपूर्ण पहलू है ?

(1) क्रियाकलापों को लिखना और इस संदर्भ में प्रश्न देना ।
(2) पाठ्य-पुस्तक के अनुक्रम का अनुसरण करना
(3) गणितीय संकल्पनाओं को संरचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करना
(4) विद्यार्थियों को अवसर देना कि वे संकल्पनाओं की संरचना करें

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

55. **Which of the following statements is in agreement with the constructionist view of Mathematics ?**

(1) Visualisation is an important aspect of Mathematics.

(2) Mathematics is about learning facts.

(3) Mathematicians are required to discover the 'truths'.

(4) Mathematics is entirely objective.

56. **Which of the following can NOT be considered a feature of a constructivist Mathematics classroom ?**

(1) Connections between Mathematics and other curricular areas are highlighted.

(2) The role of language and dialogue in learning Mathematics is given due attention.

(3) The teacher acknowledges that students may construct multiple understandings from a given interaction.

(4) Objective type test items are used as the primary means of assessment.

55. **निम्नलिखित में से कौन से कथन की सहमति गणित के संरचनात्मक (रचनावादी दृष्टिकोण) से की जा सकती है ?**

(1) मानसदर्शन गणित का महत्त्वपूर्ण पहलू है।

(2) गणित तथ्यों को सीखने के बारे में है।

(3) गणितज्ञों से सच्चाई का आविष्कार अपेक्षित होना चाहिए।

(4) गणित पूर्णतया विषयपरक है।

56. **निम्नलिखित में से किसे संरचनात्मक (रचनावादी) गणितीय कक्षा कक्ष का लक्षण नहीं माना जा सकता है ?**

(1) गणित और दूसरे पाठ्येतर क्षेत्रों के बीच के संबंधों को उजागर किया जाता है।

(2) गणित के अधिगम में भाषा और संवादों की भूमिका पर उचित ध्यान दिया जाता है।

(3) अध्यापक स्वीकार करता है कि दी गई अन्योन्य क्रिया को विभिन्न विद्यार्थी अलग-अलग प्रकार से समझ सकते हैं।

(4) प्राथमिक स्तर पर आकलन के लिए विषयपरक प्रकार की परीक्षा का उपयोग किया जाता है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

57. **Which of the following is NOT true with respect to the learning of Mathematics ?**

(1) School's language of instruction can impact a child's performance in Mathematics.

(2) Ability to perform and excel in Mathematics is innate.

(3) Teachers' beliefs about learners have powerful impact on learning outcomes.

(4) Students' socio-economic background impacts their performance in Mathematics.

58. **Which of the following activities is best suited for the development of spatial understanding among children ?**

(1) Representing numbers on a number line

(2) Drawing the top view of a bottle

(3) Locating cities on a map

(4) Noting the time of moon rise

57. **गणित के अधिगम के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?**

(1) विद्यालय में दिए जाने वाले निर्देशों की भाषा का असर बच्चे के गणित के प्रदर्शन पर हो सकता है ।

(2) गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रतिभा स्वाभाविक होती है ।

(3) अध्यापक के सीखने वालों के प्रति विचारों का अधिगम परिणामों पर प्रभावशाली असर होता है ।

(4) विद्यार्थियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि का गणित के निष्पादन पर असर होता है ।

58. **निम्नलिखित में से कौन सा क्रियाकलाप बच्चों में त्रिविम समझ को विकसित करने के लिए अधिक उपयुक्त है ?**

(1) संख्याओं को संख्या रेखा पर निरूपित करना ।

(2) बोतल के ऊपरी दृश्य को चित्रित करना ।

(3) मानचित्र पर शहरों का स्थान निर्धारण करना ।

(4) चंद्रमा के उदय होने का समय लिखना ।

59. Which of the following is NOT true of the Hindu-Arabic system of numeration ?

(1) It is multiplicative in nature.

(2) The position of a digit in a number dictates its value.

(3) It is additive in nature.

(4) It follows the base 2 system.

60. Identify the type of the following word problem :

"I have 6 pencils. Manish has two more than me. How many pencils does Manish have ?"

(1) Takeaway subtraction

(2) Comparison addition

(3) Comparison subtraction

(4) Takeaway addition

59. हिंदू–अरबी गणना–प्रणाली के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

(1) यह गुणनात्मक प्रकृति का है ।

(2) एक संख्या में अंक की स्थिति इसका मान बताती है ।

(3) यह योगात्मक प्रकृति का है ।

(4) इसमें आधार 2 की प्रणाली का पालन किया जाता है ।

60. निम्नलिखित शाब्दिक समस्या के प्रकार को पहचानिए ।

मेरे पास 6 पेंसिल हैं । मनीष के पास मेरे से दो अधिक हैं । मनीष के पास कितनी पेंसिल हैं ?

(1) व्यवकलित घटा

(2) तुलनात्मक जमा

(3) तुलनात्मक घटा

(4) व्यवकलित जमा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## PART – III / भाग – III

## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**61. Which of the following is NOT a tool for Formative Assessment of learning in EVS ?**

(1) Annual achievement test

(2) Portfolio

(3) Rating scale

(4) Anecdotal records

**62. Which of the following should be avoided while assessing children in EVS ?**

(1) Qualitative assessment of children's learning

(2) Judging the answers given by children in terms of right or wrong.

(3) Discuss "What we have learnt" given at the end of each chapter of EVS textbook of class V

(4) Use indicators for assessment

**63. A teacher of class V conducts an activity in which she asks her children to drop some sugar on the ground and asks them to wait until the ants come there. Children can be given meaningful learning from this activity if teacher ______.**

(1) encourages her/his children to answer the questions at their home related to the activity.

(2) encourages her/his children to observe the activity

(3) encourages his/her children to share their experiences

(4) encourages her/his children to observe, share their experiences followed by discussion on the activity.

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**61. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है**

(1) वार्षिक उपलब्धि परीक्षण

(2) पोर्टफोलियो

(3) क्रम निर्धारण मापनी

(4) वर्णन अभिलेख

**62. निम्नलिखित में से किसको पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के आकलन में दूर करना चाहिए ?**

(1) बच्चों के सीखने के गुणात्मक आकलन।

(2) बच्चों के उत्तरों को सही या गलत में आँकना।

(3) कक्षा V के EVS पाठ्यपुस्तक में प्रत्येक पाठ के अंत में दिए गए 'आज हमने क्या सीखा' पर चर्चा।

(4) आकलन के संकेतकों का उपयोग।

**63. एक कक्षा V की शिक्षक एक क्रियाकलाप का संचालन करती है जिसमें वह कक्षा के बच्चों से फर्श पर चीनी के कुछ दाने डालने को कहती है और उनको चींटियों के आने का इंतजार करने को कहती है।**
**बच्चों को इस क्रियाकलाप से अर्थपूर्ण सीखने को मिल सकता है यदि शिक्षक –**

(1) बच्चों को क्रियाकलाप से संबंधित प्रश्नों को घर से करने को प्रेरित करती है।

(2) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन करने को प्रेरित करती है।

(3) बच्चों को अपने अनुभव साझा करने को प्रेरित करती है।

(4) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन, अनुभव साझा और उस पर चर्चा करने को प्रेरित करती है।

64. Consider the following list :

Tortoise, Crocodile, Crow, Duck, Fish

In this list which one of the following is different from the others ?

(1) Tortoise

(2) Fish

(3) Crow

(4) Crocodile

65.

| | Column-I (City/State) | | Column-II (Most liked food) |
|---|---|---|---|
| A. | Hongkong | I. | Boiled tapioca with any cury |
| B. | Kerala | II. | Fish cooked in mustard oil |
| C. | Kashmir | III. | Sea fish cooked in coconut oil |
| D. | Goa | IV. | Chholay Bhature |
| | | V. | Cooked Snakes |

The correct match of term of Column-I with that of Column-II is :

(1) A-III; B-II; C-IV; D-I

(2) A-V; B-II; C-III; D-IV

(3) A-V; B-I; C-II; D-III

(4) A-V; B-III; C-II; D-I

66. Which one of the following bird's species moves its neck back and forth with a jerk.

(1) Mynah

(2) Owl

(3) Crow

(4) Barbet

64. नीचे दी गयी सूची पर विचार कीजिए :

कछुआ, घड़ियाल, कौआ, बत्तख, मछली

इस सूची में से निम्न में से कौन सा दूसरों से भिन्न है ?

(1) कछुआ

(2) मछली

(3) कौआ

(4) घड़ियाल

65.

| | कॉलम- I (शहर/राज्य) | | कॉलम – II (अत्यधिक पसन्द का भोजन) |
|---|---|---|---|
| A. | हाँगकांग | I. | किसी भी करी के साथ उबला टैपिओका |
| B. | केरल | II. | सरसों के तेल में बनी मछली |
| C. | कश्मीर | III. | नारियल के तेल में बनी समुन्दर की मछली |
| D. | गोआ | IV. | छोले-भटूरे |
| | | V. | पकाया हुआ साँप |

कॉलम-I की मदों का कॉलम-II की मदों से सही मिलान है –

(1) A-III; B-II; C-IV; D-I

(2) A-V; B-II; C-III; D-IV

(3) A-V; B-I; C-II; D-III

(4) A-V; B-III; C-II; D-I

66. नीचे दिए गए पक्षियों की कौन सी प्रजाति झटके से अपनी गर्दन आगे-पीछे करती है ?

(1) मैना

(2) उल्लू

(3) कौआ

(4) बसन्त गौरी

67. Consider the following statements about elephants :

A. Elephants do not rest very much, they sleep 2 to 4 hours only in a day.

B. An adult elephant can eat more than 200 kg of leaves and twigs in a day.

C. They love to play with mud and water, the mud keeps their skin cool.

D. In elephant herd the oldest female elephant decides everything.

The correct statements are

(1) A, B and D

(2) A, B and C

(3) B, C and D

(4) C, D and A

68. Consider the following description of houses :

A. In Rajasthan the villagers live in mud houses with roofs of thorny bushes.

B. In Manali (Himachal Pradesh) houses are made on bamboo pillers

C. In Leh two floor houses are made of stones. The ground floor is for animals and for storing necessary things.

The correct statement(s) is/are

(1) Only C

(2) A and B

(3) B and C

(4) A and C

67. हाथियों के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. हाथी बहुत कम आराम करते हैं, यह एक दिन में केवल 2 से 4 घंटे ही सोते हैं ।

B. एक बड़ा हाथी एक दिन में 200 kg से अधिक पत्तियाँ और झाड़ियाँ खा लेता है ।

C. इन्हें पानी और कीचड़ में खेलना बहुत भाता है, इससे इनके शरीर को ठंडक मिलती है ।

D. किसी हाथियों के झुण्ड में सबसे बुज़ुर्ग हथिनी ही सभी फैसले लेती है ।

इनमें सही कथन हैं –

(1) A, B और D

(2) A, B और C

(3) B, C और D

(4) C, D और A

68. घरों के नीचे दिए गए विवरणों पर विचार कीजिए :

A. राजस्थान में गाँव के लोग मिट्टी के घरों, जिनकी छतें कंटीली झाड़ियों की होती हैं, में रहते हैं ।

B. मनाली (हिमाचल प्रदेश) में घर बाँसों के खंभों पर बनाए जाते हैं ।

C. लेह में पत्थर के दो मंजिलें घर बनाए जाते हैं । नीचे की मंजिल पर जरूरत का सामान और जानवरों को रखते हैं ।

इनमें सही कथन है/हैं

(1) केवल C

(2) A और B

(3) B और C

(4) A और C

69. Desert Oak is a tree which is found in

(1) the desert of UAE

(2) Abu Dhabi

(3) Australia

(4) desert of Rajasthan

70. A person boarded an express train on 29th November, 2019 at Surat (Gujarat) for Nagarcoil (Kerala). The train departed from Surat at 19:45 hours and reached Nagarcoil at 11:45 hours on 1st December, 2019. If the distance between Surat and Nagarcoil by train route is nearly 2120 km, the average speed of the train during this journey was

(1) 45 km/h

(2) 132.5 km/h

(3) 60 km/h

(4) 53 km/h

71. Which one of the following is a weight lifter of international fame ?

(1) Karnam Malleshwari

(2) Sunita Williams

(3) Bachhendri Pal

(4) Suryamani

72. Which one of the following is a group of roots ?

(1) Carrot, Beetroot, Radish

(2) Beetroot, Potato, Ginger

(3) Carrot, Turmeric, Ginger

(4) Sweet Potato, Radish, Turmeric

69. 'रेगिस्तानी ओक' नाम का एक पेड़ है, जो पाया जाता है

(1) संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तानों में

(2) आबू-धाबी में

(3) ऑस्ट्रेलिया में

(4) राजस्थान के रेगिस्तानों में

70. कोई व्यक्ति 29 नवम्बर, 2019 को एक एक्सप्रेस ट्रेन में सूरत (गुजरात) से नगरकोइल (केरल) जाने के लिए बैठा। यह ट्रेन सूरत से 19.45 बजे चली और 1 दिसम्बर, 2019 को 11.45 बजे नगरकोइल पहुँची। यदि सूरत से नगरकोइल के बीच ट्रेन-मार्ग की दूरी 2120 km है, तो इस यात्रा में ट्रेन की औसत चाल थी –

(1) 45 km/h

(2) 132.5 km/h

(3) 60 km/h

(4) 53 km/h

71. निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वेट लिफ्टर है ?

(1) कर्णम मल्लेश्वरी

(2) सुनीता विलियम्स

(3) बछेन्द्री पाल

(4) सूर्यमणि

72. नीचे दिया गया कौन सा एक समूह जड़ों का है ?

(1) गाजर, चुकन्दर, मूली

(2) चुकन्दर, आलू, अदरक

(3) गाजर, हल्दी, अदरक

(4) शकरकन्दी, मूली, हल्दी

73. Consider the following statements about Nepenthese, a plant which hunts.

A. This plant is found in Australia, Indonesia and Meghalaya in India.

B. It has a pitcher-like shape and the mouth is covered by a leaf.

C. It can trap and eat only small insects.

D. It emits a pleasant sound to attract small insects which get trapped and cannot get out.

The correct statements are

(1) A, B and C

(2) A and B only

(3) A and C only

(4) B and D only

74. In which one of the following states of India is Dandi seashore located where Mahatma Gandhi did his famous march before independence ?

(1) Gujarat

(2) Andhra Pradesh

(3) Karnataka

(4) Maharashtra

75. High fever with shiver which can be treated with the bark of Cinchona tree is

(1) dengue

(2) typhoid

(3) malaria

(4) chikungunya

73. विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. यह पौधा ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया और भारत में मेघालय में पाया जाता है ।

B. इसका आकार घड़े जैसा होता है और इसका मुँह एक पत्ती से ढका होता है ।

C. यह केवल छोटे कीड़े-मकोड़ों को फंसाकर उनका शिकार कर सकता है ।

D. यह छोटे कीड़े-मकोड़ों को खींचने के लिए मोहक आवाज़ निकालता है जो इसमें फंस जाते हैं और बाहर नहीं निकल पाते ।

इनमें सही कथन हैं –

(1) A, B और C

(2) केवल A और B

(3) केवल A और C

(4) केवल B और D

74. भारत की आज़ादी से पहले महात्मा गांधी ने जिस दांडी के समुद्र तट तक अपनी प्रसिद्ध यात्रा की थी वह भारत के नीचे दिए गए किस राज्य में स्थित है ?

(1) गुजरात

(2) आंध्रप्रदेश

(3) कर्नाटक

(4) महाराष्ट्र

75. उच्च ज्वर (तेज बुखार) के साथ कंपकंपी जिसका उपचार सिंकोना पेड़ की छाल से किया जा सकता है, वह है –

(1) डेंगू

(2) मियादी बुखार

(3) मलेरिया

(4) चिकनगुनिया

76. Which one of the following should NOT be the objective of teaching EVS at primary level as per NCF-2005 ?

(1) To develop precise quantitative skills among children through understanding of environmental issues.
(2) To nurture the curiosity and creativity of the child particularly in relation to the natural environment.
(3) To engage the child in exploratory and hands on activities to acquire basic cognitive and psychomotor skills through observation, classification, inference, etc.
(4) To train children to locate and comprehend relationships between the natural, social and cultural environment.

77. A doctor is located at X and his hospital is located at Y. There is no straight lane from the doctor's house to the hospital. So, the doctor first goes to A which is 600 m due east of X, then goes to B which is 450 m due south of A, then to C which is 120 m due west of B and finally reaches the hospital at Y which is 90 m due north of C. With respect to the hospital the correct direction of the doctors house is

(1) south-west
(2) north-east
(3) north-west
(4) south-east

78. "Cheraw" is the dance form of the people of

(1) Meghalaya
(2) Jharkhand
(3) Mizoram
(4) Manipur

79. Neighbouring states of Tamil Nadu are

(1) Andhra Pradesh, Kerala, Karnataka
(2) Andhra Pradesh, Odisha, Karnataka
(3) Kerala, Andhra Pradesh, Maharashtra
(4) Karnataka, Chhattisgarh, Kerala

76. NCF-2005 के अनुसार निम्नलिखित में से क्या प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन शिक्षण का उद्देश्य नहीं होना चाहिए ?

(1) पर्यावरणीय समझ के द्वारा बच्चों में सटीक संख्यात्मक कौशलों का विकास करना ।
(2) विशेषतः प्राकृतिक पर्यावरण के प्रति बच्चे की जिज्ञासा एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देना ।
(3) अवलोकन, वर्गीकरण और निष्कर्ष निकालने आदि प्रक्रियाओं के माध्यम से बुनियादी संज्ञानात्मक और गत्यात्मक कौशल प्राप्त करने के लिए खोजबीन से जुड़ी और हाथों से करने वाले कार्यों में बच्चों को संलग्न करना ।
(4) प्राकृतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक पर्यावरण के बीच संबंधों को पहचानने व समझने में बच्चों को प्रशिक्षित करना ।

77. किसी डॉक्टर का घर X पर स्थित है तथा उसका अस्पताल Y पर स्थित है । डॉक्टर के घर से अस्पताल जाने के लिए कोई सीधी सड़क नहीं है । अतः डॉक्टर पहले A पर जाते हैं जो X के ठीक पूर्व में 600 m की दूरी पर है, फिर वह B पर जाते हैं जो A के ठीक दक्षिण में 450 m की दूरी पर है, फिर वह C पर जाते हैं जो B के ठीक पश्चिम में 120 m की दूरी पर है और अन्त में वह Y पर अपने अस्पताल पहुँचते हैं जो C के ठीक उत्तर में 90 m की दूरी पर है । अस्पताल के सापेक्ष डॉक्टर के घर की सही दिशा क्या है ?

(1) दक्षिण-पश्चिम
(2) उत्तर-पूर्व
(3) उत्तर-पश्चिम
(4) दक्षिण-पूर्व

78. 'चेराओ' नाच कहाँ के लोग करते हैं ?

(1) मेघालय
(2) झारखण्ड
(3) मिजोरम
(4) मणिपुर

79. तमिलनाडु के निकटवर्ती राज्य हैं –

(1) आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक
(2) आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक
(3) केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र
(4) कर्नाटक, छत्तीसगढ़, केरल

area which integrates –

(1) the concepts and issues of Science and Environmental education.

(2) the concepts and issues of Science.

(3) the concepts and issues of Science, Social studies and Environmental education.

(4) the concepts and issues of Social science and Science.

विषय क्षेत्र है, जो संकलित करता है

(1) पर्यावरणीय शिक्षा और विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

(2) विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

(3) पर्यावरण शिक्षा, सामाजिक अध्ययन और विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

(4) विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को ।

**81. Which of the following is true w.r.t. EVS ?**

(1) For classes I and II, concerns and issues of EVS are taught through Science and Social science.

(2) EVS is a subject taught from classes I to V.

(3) For classes I and II, EVS is taught through language and Mathematics.

(4) For classes II, III and IV, issues and concerns of EVS are taught through language and Mathematics.

**81. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन के संदर्भ में सही है ?**

(1) I से II तक की कक्षाओं के लिए पर्यावरण अध्ययन से जुड़े मुद्दे विज्ञान और सामाजिक-विज्ञान के द्वारा पढ़ाये जाते हैं ।

(2) पर्यावरण अध्ययन एक विषय है जो I से V तक की कक्षाओं में पढ़ाया जाता है ।

(3) I से II की कक्षाओं के लिए, भाषा और गणित के माध्यम से पर्यावरण अध्ययन पढ़ाया जाता है ।

(4) II, III और IV की कक्षाओं के लिए पर्यावरण अध्ययन से जुड़े मुद्दों को भाषा और गणित के माध्यम से पढ़ाया जाता है ।

**82. Children get lot of space to learn EVS through exploration. This indicates that**

(1) EVS is teacher centred.

(2) EVS is learnt through rote.

(3) EVS is learnt through information.

(4) EVS is child centred.

**82. बच्चों को पर्यावरण अध्ययन को सीखने के लिए खोजने के द्वारा पर्याप्त समय दिया जाता है यह इंगित करता है, कि**

(1) पर्यावरण अध्ययन शिक्षक केन्द्रित है ।

(2) पर्यावरण अध्ययन याद करके सीखा जाता है ।

(3) पर्यावरण अध्ययन सूचनाओं के द्वारा सीखा जाता है ।

(4) पर्यावरण अध्ययन बाल-केन्द्रित है ।

83. Which of the following is a subtheme under the theme suggested in the EVS syllabus ?

(1) Things we make and do

(2) Family and Friends

(3) Food

(4) Animals

84. Which of the following is a desirable practice for an EVS teacher ?

(1) Relying only in textbooks.

(2) Addressing multicultural dimensions of diverse classrooms.

(3) Encouraging children to provide important information related to the concepts of EVS.

(4) Linear arrangement of six themes of EVS.

85. Which of the following is/are important in constructing knowledge in EVS by the children ?

A. Active participation of children.

B. Community members of children

C. Text books of EVS

D. Description and definition given in the textbook of EVS

(1) C only

(2) A, B and C

(3) A and C only

(4) A, C and D

83. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम के सुझावित प्रकरणों का उपप्रकरण है ?

(1) हम चीज़ें कैसे बनाते हैं ?

(2) परिवार और मित्र

(3) भोजन

(4) जानवर

84. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के लिए वांछनीय गतिविधि है ?

(1) केवल पाठ्य-पुस्तकों पर आश्रित रहना ।

(2) विभिन्न कक्षाओं के बहुसांस्कृतिक क्षेत्रों को संबोधित करना ।

(3) पर्यावरण अध्ययन की अवधारणाओं से संबंधित महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को बच्चों को देने के लिए प्रेरित करना ।

(4) पर्यावरण अध्ययन के छः प्रकरणों का रेखीय आयोजन करना ।

85. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के द्वारा ज्ञान की रचना में महत्त्वपूर्ण है ?

A. बच्चों का सक्रिय भाग लेना

B. बच्चों के समुदाय के सदस्य

C. पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तकें

D. पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में दी गए व्याख्या और परिभाषा

(1) केवल C

(2) A, B और C

(3) केवल A और C

(4) A, C और D

86. Objective/s of EVS teacher who encourages his/her children to observe animals and make pictures on their own is/are to

A. Develop creativity of children

B. Develop observation and design skills of children

C. Develop aesthetic sense of children

(1) A, B and C

(2) A only

(3) A and C only

(4) B only

86. पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के द्वारा बच्चों को जानवरों का अवलोकन और उनका चित्र बनाने को प्रेरित करने का उद्देश्य है

A. बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करना।

B. बच्चों में अवलोकन और रचना कौशलों का विकास करना।

C. बच्चों में सौंदर्यगत् संवेदना का विकास करना।

(1) A, B और C

(2) केवल A

(3) केवल A और C

(4) केवल B

87. Children can be effectively engaged in EVS learning through

A. Narratives

B. Stories

C. Effective explanation of concepts by the teacher

D. Effective demonstration and explanation of concepts by the teacher

(1) A, B and C

(2) A, C, D

(3) A and B only

(4) C and D only

87. बच्चों को पर्यावरण अध्ययन सीखने में प्रभावशाली तरीके से जोड़ा जा सकता है

A. वृत्तांत

B. कहानियाँ

C. शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं की प्रभावशाली व्याख्या

D. शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन और व्याख्या

(1) A, B और C

(2) A, C, D

(3) केवल A और B

(4) केवल C और D

88. In EVS learning of crafts and arts while working in groups, is encouraged because

A. Group learning is easier and very effective strategy for teachers to tackle the problem of indiscipline of the class.

B. Group learning promotes peer learning.

C. Group learning improves social interactions.

D. Group learning help in completing the syllabus of EVS in time.

(1) C and D only
(2) A and D only
(3) B and D only
(4) B and C only

88. पर्यावरण अध्ययन में शिल्पकला और चित्रकला को समूह में करके सीखने पर बल दिया जाता है क्योंकि –

A. कक्षा की अनुशासनहीनता को रोकने के लिए समूह में सीखना शिक्षकों के लिए एक आसान और बहुत प्रभावशाली युक्ति है।

B. समूह में सीखना सहपाठी द्वारा सीखने को प्रोत्साहित करता है।

C. समूह में सीखना कक्षा में सामाजिक अन्तःक्रिया को बेहतर करता है।

D. समूह में सीखना पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने में सहायता करता है।

(1) केवल C और D
(2) केवल A और D
(3) केवल B और D
(4) केवल B और C

89. Which of the following is/are the most effective resource for EVS learning ?

A. Family members
B. Members of the community
C. Newspapers
D. Classroom

(1) A and B only
(2) D only
(3) C and D only
(4) A, B and C

89. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन को सीखने का सबसे प्रभावशाली संसाधन है ?

A. परिवार के सदस्य
B. समुदाय के सदस्य
C. समाचार-पत्र
D. कक्षा

(1) केवल A और B
(2) केवल D
(3) केवल C और D
(4) A, B और C

90. Which of the following principle of learning is followed in EVS ?

(1) Known to unknown
(2) Global to local
(3) Abstract to concrete
(4) Unknown to known

90. निम्नलिखित सीखने के कौन से सिद्धांत का पर्यावरण अध्ययन में अनुसरण होता है ?

(1) ज्ञात से अज्ञात
(2) वैश्विक से स्थानीय
(3) अमूर्त से मूर्त
(4) अज्ञात से ज्ञात

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 91 to 99), by selecting the correct/ most appropriate options :**

1. Kangri Karchok, the Kailash Purana of the Tibetans describes the sacred elephant-mouthed river or Langchen Khambab as a long and extensive river that rises from the 'lake unconquerable', the Tso Maphan or Manasarovar that flows from the mountainous regions of Tibet. According to this holy book, this cold river with its sands of gold, circles the holy Manasarovar seven times before taking its course to the west.

2. The Langchen Khambab flows down from the red coloured mountains of the Kanglung Kangri Glacier in the Trans-Himalayan region of Tibet, channelling its way through the earth forests of Tholing and Tsparang of the Gugi Kingdom. These earth forests are full of pillars formed by rocks that collectively appear like a forest from afar – an 'out of the world' landscape that was formed by geological movements of the earth and erosion by wind and water. The Khyunglung ruins also lies on the northern bank of the Sutlej river in this valley which was once known as the 'Garuda Valley".

3. This mighty river then flows north-west for about 260 km before entering Himachal Pradesh through Shipki La cutting across the formidable Himalayan ranges of Zanskar, the Greater Himalaya and the Dhauladhar. Subsequently, the waters meander through the gigantic Kinnaur Kailash-Jorkanden Range at Reckong Peo creating the terrifying Sutlej gorge. Then it streams into Shimla, Kullu, Mandi and Bilaspur and is responsible for the rich cultivation of grapes, apples and apricots all along its banks. After its confluence with the River Spiti at Khab it is known as Sutlej.

4. It is 1,448 km in length, making it the longest among the five rivers of Punjab. Extensively used for irrigation, it is topographically divided into the Upper Sutlej Basin and Lower Sutlej Basin. It leaves the Himachal boundary to enter the plains of the Punjab at the Bhakra Dam, the second highest gravity dam and a major point of water supply and electricity generation for the North of India.

**91. Which part of speech is the underlined word in the following sentence :**
**I don't know <u>why</u> he is so hostile to me.**

(1) Pronoun
(2) Adjective
(3) Adverb
(4) Preposition

92. 'Lake unconquerable' refers to :

(1) The Sutlej river

(2) Langchen Khambab river

(3) Lake Manasarovar

(4) Lake Rakshatal

93. According to Kangri Karchok, Langchen Khambab does not/is not

(1) a cold river.

(2) have sands of gold.

(3) circle the Manasarovar seven times.

(4) flow very gently through the hills.

94. What makes the earth forests of Tholing and Tsparang look amazing ?

(1) Pillars formed by rocks resembling a forest.

(2) The ruins on the banks of the Sutlej.

(3) Abundance of flora and fauna.

(4) Cool breeze that makes people feel drowsy.

95. Langchen Khambab is a boon for the North of India because :

(1) it abounds in aquatic animals.

(2) it is a major source of water supply and power generation.

(3) it brings along with it mountain soil and minerals.

(4) the prosperity of the whole of India depends on it.

96. Read the following sentences :

A. Kangri Karchok is a holy book of the Tibetans.

B. Langchen Khambab is responsible for rich cultivation of various types of fruits in the Himachal Pradesh.

(1) Both A and B are false.

(2) A is true, B is false.

(3) B is true, A is false.

(4) Both A and B are true.

97. Which one of the following words is most similar in meaning to the word 'gigantic' as used in the passage (Para 4) ?

(1) huge

(2) terrifying

(3) high

(4) formidable

98. Which one of the following words is the most opposite in meaning to the word 'sacred' as used in the passage (Para 1) ?

(1) moral

(2) pure

(3) noble

(4) unholy

99. Which part of the following sentence contains an error ?

I am not (a) in best position (b) to advise you (c) in this matter (d).

(1) (c)

(2) (a)

(3) (b)

(4) (d)

**Directions : Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100 to 105) by selecting the correct/most appropriate options :**

## Light Brigade

*By Alfred Tennyson*

Half a league, half a league,
Half a league onward,
All in the valley of Death
Rode the six hundred.
"Forward the Light Brigade !
Charge for the guns !" he said.
Into the valley of Death
Rode the six hundred.
Forward, the Light Brigade!"
Was there a man dismay'd ?
Not tho' the soldier knew
Some one had blunder'd.
Theirs not to make reply,
Theirs not to reason why,
Theirs but to do and die.
Into the valley of Death
Rode the six hundred.

**100. Which literary device is used in the expression, 'to do and die' ?**

(1) Personification

(2) Assonance

(3) Alliteration

(4) Simile

**101. In the first stanza of the extract, the soldiers are :**

(1) seen riding fast to the enemy territory.

(2) talking to each other about their personal problems.

(3) waiting for their commander's order.

(4) thinking about the result of the war.

**102. The expression 'the valley of death' refers to :**

(1) a nightmarish place.

(2) the place where the dead soldiers are lying buried.

(3) the impending death of soldiers.

(4) the house of death.

**103. Which of the following statements is <u>not</u> true ?**

**The military discipline teaches the soldiers :**

(1) not to ask any question.

(2) to do and die.

(3) to obey their commander's order.

(4) to act tactfully in the battlefield.

**104. Which of the following adjectives does not apply to the soldiers ?**

(1) impractical

(2) courageous

(3) disciplined

(4) patriotic

**105. Name the figure of speech used in 'the Valley of Death'.**

(1) Metonymy

(2) Metaphor

(3) Simile

(4) Synecdoche

P-I

**106. Which one of the following is <u>least</u> important in enhancing speaking skill of children ?**

(1) Organizing discussions on a given topic.

(2) Listening patiently to children's talk.

(3) Giving them an opportunity to express their feelings and ideas.

(4) Asking closed ended questions.

**107. At primary level literature is helpful in developing language of learners as :**

(1) it is a good basis for the only expansion of vocabulary.

(2) it encourages the learners to complete the worksheets based on it.

(3) it is an authentic material covering various genres.

(4) it develops teachers' interpretative, creative and critical abilities.

**108. A teacher prepares a worksheet and removes every seventh word from the text. Then she asks the learners to read the text after that they were asked to complete the worksheet with missing word. The task given on the worksheet is a**

(1) open test

(2) speaking task

(3) writing task

(4) cloze test

**109. 'Language is arbitrary' means that ______**

(1) there is no inherent relation between the words of a language and their meaning.

(2) something is determined by judgement and for a specific reason.

(3) it is based on a valid reason and not on chance.

(4) there is a strong relation between the words of a language and their meaning.

**110. The teacher observed that Pravin could not write a paragraph on her own even after brainstorming the topic. However, she was able to write it under adult or peer guidance. This guidance is called ______.**

(1) Socialization

(2) Team teaching

(3) Counselling

(4) Scaffolding

**111. The purpose of textual exercise is <u>not</u> to**

(1) give exposure to language learning.

(2) develop creativity among learners.

(3) provide opportunity to express themselves.

(4) memorise the answers to the questions.

**112. In the multilingual classroom learners can interact ______.**

(1) in the language with which the teacher is familiar.

(2) in the medium of instruction followed by the school.

(3) in their own language and can be a mix of words from more than one language.

(4) only in the language prescribed in three-language formula.

**113. Diagnostic tests are administered to ______.**

(1) judge the students' capabilities.

(2) find out deficiencies of the students with a view to planning remedies.

(3) assess the suitability of a candidate for a specific programme.

(4) test the language proficiency of students for providing them jobs.

**114. Structural approach gives more importance to ______.**

(1) reading and writing

(2) speech and reading

(3) reading only

(4) speech only

**115. Which among the following <u>does not</u> come under meaning based activities ?**

(1) Reading out every word aloud and translating it.

(2) Interacting with the text.

(3) Using previous knowledge.

(4) Reading the text and then narrating the same to peers.

**116. ______ comprehension is the skill of reading a piece of text closely or intensely for the purpose of extracting specific information from the text.**

(1) Transactional

(2) Inferential

(3) Global

(4) Local

**117. It is a type of writing in which the teacher provides the situation and helps the class to prepare it. The teacher continuously provides feedback, direction and expansion of ideas to the learners.**

(1) Product writing

(2) Controlled writing

(3) Guided writing

(4) Free writing

**118. A teacher asked the students of class V to read the text thoroughly. Then she asked them to answer the questions with reference to the context (RTC). In this process she is encouraging students for ______.**

(1) extensive reading

(2) skimming

(3) scanning

(4) intensive reading

**119. The term 'Comprehensible input' is associated with ______.**

(1) James Asher

(2) Lev Vygotsky

(3) Stephen Krashan

(4) Noam Chomsky

**120. Which one of the following is <u>not</u> a sub skill of reading ?**

(1) Transcripting

(2) Connecting

(3) Predicting

(4) Synthesizing

# भाग – IV

## भाषा – I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प हिन्दी चुना हो ।

**निर्देश – नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

आधुनिक शिक्षा का नतीजा हमने देख लिया । हमने उस शिक्षा का नतीजा भी देख लिया, जिसमें 'विकसित विज्ञान' का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान है, जिसके कारण व्यक्ति को कहीं भी या कितना भी मिलने के बावजूद तृप्ति नहीं होती । इसका कारण यही है कि शिक्षा के स्वाभाविक और आवश्यक अंगों को छोड़कर हमने ऐसे विषयों पर अधिक ध्यान दिया, जो मनुष्य का एकतरफा विकास करते हैं, जिनके कारण व्यक्तित्व का बड़े-से-बड़ा भाग अतृप्त रह जाता है । बाल्यावस्था में भी कला-शिक्षा को अभी तक उचित स्थान नहीं मिला है । जहाँ मिलता भी है, वहाँ बच्चा ग्यारह-बारह वर्ष का होते ही उसके शिक्षा-क्रम में से कला-प्रवृत्तियों को निकाल दिया जाता है । ऐसा ही हर्बर्ट रीड ने कहा है :

"हमारा अनुभव हमें बताता है कि हर व्यक्ति ग्यारह साल की उम्र के बाद, किशोर-अवस्था और उसके बाद भी सारे जीवन-काल तक किसी-न-किसी कला-प्रवृत्ति को अपने भाव-प्रकटन का जरिया बनाये रख सकता है । आज के सभी विषय-जिन पर हम अपनी एकमात्र श्रद्धा करते हैं, जैसे गणित, भूगोल, इतिहास, रसायनशास्त्र और यहाँ तक कि साहित्य भी – जिस तरह पढ़ाये जाते हैं, उन सबकी बुनियाद तार्किक है । इन पर एकमात्र जोर देने के कारण कला-प्रवृत्तियाँ, जो भावना-प्रधान होती हैं, पाठ्यक्रम से करीब-करीब निकल जाती हैं । ये प्रवृत्तियाँ केवल पाठ्यक्रम से ही नहीं निकल जातीं, बल्कि इन तार्किक विषयों को महत्त्व देने के कारण व्यक्ति के दिमाग से भी बिलकुल निकल जाती हैं । किशोर-अवस्था को इस तरह गलत रास्ते पर ले जाने का नतीजा भयानक हो रहा है । सभ्यता रोज-ब-रोज बेढब होती जा रही है । व्यक्ति का गलत विकास हो रहा है । उसका मानस अस्वस्थ है, परिवार दुखी है । समाज में फूट पड़ी है और दुनिया पर ध्वंस करने का ज्वर चढ़ा है । इन भयानक अवस्थाओं को हमारा ज्ञान-विज्ञान सहारा दे रहा है । आज की तालीम भी इसी दौड़ में साथ दे रही है ।"

**91. 'विकसित' शब्द में प्रत्यय है**

(1) सत

(2) सित

(3) इत

(4) त

**92. अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि आधुनिक शिक्षा का नतीजा**

(1) पता नहीं ।

(2) सुखद है ।

(3) दुःखद है ।

(4) औसत है ।

93. आधुनिक शिक्षा में किस विषय को सबसे अधिक महत्त्व दिया जाता है ?

(1) इतिहास को

(2) कला को

(3) भाषा को

(4) विज्ञान को

94. अनुच्छेद के आधार पर हमें किस पर सर्वाधिक ध्यान देने की ज़रूरत है ?

(1) बाल्यावस्था पर

(2) विज्ञान पर

(3) कला प्रवृत्ति पर

(4) किशोरावस्था पर

95. अनुच्छेद के अनुसार गणित, भूगोल, इतिहास आदि विषय

(1) बोध प्रधान हैं ।

(2) तर्क प्रधान हैं ।

(3) भाव प्रधान हैं ।

(4) कला प्रधान हैं ।

96. ज्ञान-विज्ञान को बहुत अधिक महत्त्व देने के कारण

(1) व्यक्ति विध्वंस की राह पर नहीं है ।

(2) समाज उन्नति कर रहा है ।

(3) समाज में विभाजन हो रहा है ।

(4) व्यक्ति सृजन की राह पर है ।

97. किशोरावस्था तार्किकता की प्रधानता और भाव के अभाव में _____ का रास्ता अपना रही है ।

(1) कर्म

(2) पतन

(3) ज्ञान

(4) प्रगति

98. इनमें से कौन सा शब्द समूह से भिन्न है ?

(1) अभिव्यक्ति

(2) तार्किक

(3) स्वाभाविक

(4) साहित्यिक

99. 'आज की तालीम भी इसी दौड़ में साथ दे रही है ।' वाक्य में निपात है

(1) में

(2) आज

(3) भी

(4) इस

P-I

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न 100 से 105 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

साकार, दिव्य गौरव विराट !
पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल !
मेरी जननी के हिमकिरीट !
मेरे भारत के दिव्य भाल !
मेरे नगपति ! मेरे विशाल !
युग-युग अजेय, निर्बंध, मुक्त,
युग-युग गर्वोन्नत नित महान,
निस्सीम व्योम में तान रहे,
युग से किस महिमा का वितान ?
कैसी अखंड यह चिर समाधि ?
यतिवर ! कैसा यह अमर ध्यान ?
तू महाशून्य में खोज रहा
किस जटिल समस्या का निदान ?
उलझन का कैसा विषम-जाल
मेरे नगपति ! मेरे विशाल !

100. 'निस्सीम' शब्द में कौन सी संधि है ?

(1) दीर्घ

(2) स्वर

(3) व्यंजन

(4) विसर्ग

101. हिमालय को 'यतिवर' ! कहकर संबोधित किया गया है, क्योंकि वह

(1) समस्या का हल ढूँढ़ रहा है ।

(2) भारत का प्रहरी है ।

(3) पर्वतों का स्वामी है ।

(4) समाधि में लीन है ।

102. 'हिमकिरीट' का आशय है

(1) स्वर्णिम मुकुट

(2) ठंडा मुकुट

(3) बर्फ़ का मुकुट

(4) चाँदी का मुकुट

103. 'नगपति' का विग्रह और समास होगा

(1) नगों का पति है जो, ऐसा – बहुव्रीहि

(2) रत्नों (नग) का पति – तत्पुरुष

(3) नगों (पर्वतों) का पति है जो – कर्मधारय

(4) नगों (पर्वतों) का पति – तत्पुरुष

104. किस पंक्ति में कहा गया है कि हिमालय शक्ति की ज्वालाओं का ढेर है ?

(1) साकार, दिव्य गौरव विराट

(2) युग-युग अजेय, निर्बंध, मुक्त

(3) मेरे भारत के दिव्य भाल

(4) पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल

105. 'जिसे जीता न जा सके' उसके लिए कविता में कौन सा शब्द प्रयुक्त हुआ है ?

(1) दिव्य

(2) अजेय

(3) अखंड

(4) अमर

निर्देश – नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

106. बहु-भाषिकता हमारी पहचान भी है और हमारी ______ व ______ का अभिन्न अंग भी।

(1) संस्कृति, चुनौतियों
(2) सभ्यता, संस्कृति
(3) सभ्यता, साहित्य
(4) संस्कृति, साहित्य

107. प्राथमिक स्तर की पाठ्य-पुस्तक में कार्टून, भाषण, विज्ञापन आदि बच्चों के भाषा-क्षमता विकास में ______ हैं।

(1) अनुपयोगी
(2) सहायक
(3) बाधक
(4) निरर्थक

108. पाँचवीं कक्षा की सुहानी 'पाँचों, किन्हें, आँखें, दोनों' आदि शब्द लिखती है। आप सुहानी के लेखन क्षमता के बारे में क्या कहेंगे ?

(1) वह अनुनासिक चिह्न के नियम का अति सामान्यीकरण करती है।
(2) वह अनुनासिक चिह्न का प्रयोग बिलकुल नहीं जानती।
(3) वह अनुनासिक चिह्न के प्रयोग के प्रति सजग है।
(4) वह अनुनासिक चिह्न के प्रयोग के प्रति लापरवाह है।

109. विद्यालय में भाषा शिक्षण के लिए कोई कार्यक्रम शुरू करते समय सबसे महत्त्वपूर्ण है

(1) बच्चे की पठन क्षमता को पहचानना।
(2) बच्चे की लिखित क्षमता को पहचानना।
(3) बच्चे की सहज भाषायी क्षमता को पहचानना।
(4) बच्चे की सहज मौखिक अभिव्यक्ति को पहचानना।

110. कई बार बच्चे जब स्कूल आते हैं तो दो या तीन भाषाओं को ______ और बोलने की क्षमता से लैस होते हैं।

(1) समझने
(2) पढ़ने
(3) लिखने
(4) रटने

111. किसी विषय को सीखने का मतलब है उसकी ______ को सीखना, उसकी ______ को सीखना।

(1) शब्दावली, विषय
(2) अवधारणाओं, विषय-वस्तु
(3) विषय-वस्तु, उपयोगी
(4) अवधारणाओं, शब्दावली

112. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा का आकलन करने का उद्देश्य है

(1) उसकी बोलने की कुशलता का आकलन।
(2) उसकी पठन क्षमता का आकलन।
(3) उसके भाषा-प्रयोग की क्षमता का आकलन।
(4) उसकी लेखन क्षमता का आकलन।

113. इनमें से कौन सा भाषा-आकलन में सबसे कम प्रभावी तरीका है ?

(1) श्रुतलेख
(2) कहानी कहना
(3) कहानी लिखना
(4) घटना-वर्णन

114. आकलन की प्रक्रिया में केवल बच्चे की क्षमताओं का आकलन नहीं होता बल्कि शिक्षक की शिक्षण-प्रक्रिया का भी आकलन होता है । यह विचार

(1) निराधार है ।

(2) पूर्णत: सही है ।

(3) अंशत: सही है ।

(4) पूर्णत: गलत है ।

115. रीमा ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली ऋतिका की भाषा-क्षमता, भाषा-निष्पादन संबंधी क्रमिक प्रगति का ब्यौरा उसके अभिभावकों को दिया । रीमा ने ______ के आधार पर यह जानकारी दी ।

(1) लिखित परीक्षा

(2) अवलोकन

(3) पोर्टफोलियो

(4) जाँच सूची

116. पहली कक्षा में ______ भी लिखना के अंतर्गत आता है ।

(1) चित्र बनाना

(2) वाक्य लिखना

(3) शब्द लिखना

(4) अक्षर बनाना

117. प्राथमिक स्तर पर पढ़ना सीखने में सबसे कम महत्त्वपूर्ण है

(1) पढ़ने का उद्देश्य

(2) अनुमान लगाना

(3) संदर्भानुसार अर्थ

(4) अक्षरों की पहचान

118. 'भाषा अर्जन क्षमता' किसके साथ संबंधित है ?

(1) ब्रूनर

(2) पियाजे

(3) चॉमस्की

(4) स्किनर

119. प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने में भाषा संबंधी कौन सा संसाधन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(1) टेलीविज़न

(2) कम्प्यूटर

(3) बाल साहित्य

(4) समाचार-पत्र

120. बच्चे अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हुए हिंदी भाषा की कक्षा में अपनी बात कहते हैं । यह बात ______ है ।

(1) अनुचित

(2) स्वाभाविक

(3) निंदनीय

(4) विचारणीय

# PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 121 to 128) by choosing the correct/most appropriate options :**

Freedom is one of the most important factors in life. Man has fought politically all over the world for freedom. Religions have promised freedom, not in this world but in another. In the capitalist countries, individual freedom exists to some degree, and in the communist world it has been denied. From ancient times, freedom has meant a great deal to man, and there have been its opponents, not only political but religious through Inquisition, by excommunication, tortures and banishments, and the total denial of man's search for freedom. There have been wars and counter-wars fought for freedom. This has been the pattern of man's endeavours for freedom throughout history.

Freedom of self-expression and freedom of speech and thought exist in some parts of the world, but in others it does not. Those who have been conditioned, revolt against their backgrounds. This reaction which takes different forms is called 'freedom'. The reaction to politics is often to shun the field of politics.

One economic reaction is to form small communities based on some ideology or under the leadership of one person, but these soon disintegrate. The religious reaction against established organisations of belief is to revolt, either by joining other religious organisations or by following some guru or leader or by joining some cult. Or one denies the whole religious endeavour.

One thinks of freedom only as freedom of movement, either physical or movements of thought. It appears that one always seeks freedom on the surface. Surely, this is rather a limited freedom, involving a great deal of conflict, wars and violence.

Inner freedom is something entirely different. It has its roots not in the idea of freedom but in the reality of freedom. It covers all the endeavours of man. Without inner freedom life will always be an activity within the limited circle of time and conflict.

121. **Which part of the following sentence contains an error ?**

**There is no doubt** (a) **that hard work** (b) **paves the way** (c) **to success.** (d)

(1) (c)
(2) (d)
(3) (a)
(4) (b)

122. **Which of the following statements is not true ?**

(1) Freedom helps man evolve morally and spiritually.
(2) Man can enjoy life only in an environment of freedom.
(3) Material progress cannot be achieved without freedom.
(4) Freedom is not one of the most important factors in life.

123. **Which methods do authorities not use to suppress people fighting for freedom ?**
(1) Tortures
(2) Inquisition
(3) Excommunication
(4) Persuasion

124. **Reaction against established religion prompts people not to :**
(1) join some cult.
(2) join other religious organisations.
(3) to start a new religion.
(4) follow some guru.

125. **Real freedom, according to the author, is**
(1) religious freedom.
(2) economic freedom.
(3) inner freedom.
(4) political freedom.

126. **Read the following sentences :**
**A. Individual freedom does not exist at all in capitalist countries.**
**B. People do not have individual freedom in communist countries.**
(1) Both A and B are false.
(2) A is false, B is true.
(3) A is true, B is false.
(4) Both A and B are true.

127. **Which word is most similar in meaning to the word 'endeavours' as used in the passage ? (Para 1)**
(1) challenges
(2) movements
(3) attempts
(4) actions

128. **Which word is the most opposite in meaning to the word, 'shun' as used in the passage ? (Para 2)**
(1) rejoice
(2) prefer
(3) rehabilitate
(4) welcome

**Directions : Read the passage given below carefully and answer the questions that follow (Q. Nos. 129 to 135) by selecting the correct/most appropriate options.**

Water is the core of life; hence water must be central to our spiritual thinking. Water is not only most of earth, but also most of life. Therefore water conservation must be our deepest concern.

The Himalayan mountain range is among the highest, youngest and most fragile ecosystem of the planet. The Himalayas have given us some of the great river systems of the earth including the Indus, Ganga, Brahmaputra, Nu Salween, Yangtze and the Mekong. The Himalayas are also called the 'Third Pole', for they contain the largest mass of ice and snow outside the earth's polar region, the north and south poles. There is a permanent snowline above 5,000 metres. Some of the glaciers in the region are the longest outside the two poles.

The Himalayas serve as water towers, providing water on a sustained basis to more than 1,000 million people and millions of hectares of land in South Asia. The greenery, benevolent climate, highly productive ecosystems, food production and overall happiness in South Asia are in fact, attributable to the bounty of the Himalayas. They are not only beautiful; they are life-givers. Little wonder that they are venerated as the abode of gods.

To keep the Third Pole preserved through assured conservation is one of the greatest challenges for the contemporary world.

Himalayan mountains are a common but fragile natural resource. As mountain ecosystems have enormous bearing on the earth's systems, their special care, regeneration and conservation of their pristine resources would only bring more happiness, peace and prosperity to large parts of the world. In Agenda 21, Chapter 13 of the United Nations, the importance of mountains is underlined : "mountain environments are essential to the survival of global ecosystems."

The Himalayas in the state of Uttarakhand are especially rich in water resources. This area is home to dozens of perennial streams and numerous other rain-fed rivers along with innumerable rivulets, waterfalls and ponds, etc.

**129. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**The area is home to dozens of <u>perennial</u> streams.**

(1) Pronoun

(2) Noun

(3) Adverb

(4) Adjective

**130. In the context of the passage which of the following is not true ?**

**Water should be central to our thinking because :**

(1) It is the core of life.

(2) We cannot survive without water.

(3) It is a life-line for our farmers.

(4) It is considered holy by most religions.

**131. Which of the following has <u>not</u> been mentioned in the passage ?**

(1) The Himalayas form the back bone of our tourism industry.

(2) The Himalayas provide us with highly productive eco-systems.

(3) The Himalayas provide water to more than 1000 million people.

(4) The Himalayas irrigate millions of hectares of land.

**132. Which of the following is false ?**

(1) They have some of the longest glaciers.

(2) The Himalayan mountains are a fragile resource.

(3) Climate change has little effect on the Himalayas.

(4) They bring prosperity to large parts of the world.

**133. What is not so special about the Himalayas in the state of Uttarakhand ?**

**The Himalayan state has :**

(1) numerous waterfalls and ponds.

(2) many perennial streams.

(3) huge mineral deposits.

(4) many rain fed rivers.

**134. Which one of the following words is most similar in meaning to the word, 'bounty' ?**

(1) abundance

(2) generosity

(3) assets

(4) sympathy

**135. Which word is opposite in meaning to the word, 'benevolent' ?**

(1) indecent

(2) malevolent

(3) rude

(4) untruthful

136. A teacher is telling a story with actions and gestures to class III students. After this she asked them to draw pictures on the story in groups. Why do you think she asked them to draw pictures on the story ?

(1) She wanted to see the participation of children while drawing.

(2) She wanted to assess their colouring and drawing skills.

(3) She had completed her lesson as per her lesson plan so, she engaged them in drawing.

(4) She wanted to assess their comprehension of the story.

137. Active vocabulary consists of words which are _____.

(1) phonological and lexical

(2) used occasionally

(3) difficult to pronounce

(4) used frequently

138. The major aim of teaching poetry is _____.

(1) making learners to became poets.

(2) vocabulary development.

(3) enjoyment and appreciation.

(4) development of grammar.

139. Morpheme is the

(1) smallest unit of a phrase.

(2) smallest unit of a word.

(3) smallest unit of meaning that cannot be broken up.

(4) unit of a word that can be broken up into new meaning.

140. A teacher of class II uses learner's knowledge and language to build a bridge between his mother tongue and English language teaching. Here learner's language is used in teaching English as a _____.

(1) pattern

(2) hindrance

(3) translation

(4) resource

141. BICS stands for

(1) Basic Interpersonal Communicative Skills

(2) Bilingual Integrated Content and Syllabus

(3) Bilingual Interdependent Course and Syllabus

(4) Basic Interrelated Communication Strategies

142. A teacher wants to create a language-rich environment in her class. She should :

(1) ask students to use only English while communicating in the class with peers.

(2) establish a language lab in her class.

(3) motivate parents to buy language games and activities.

(4) provide an opportunity where the language is seen, noticed and used by children.

143. Literature for children is considered as a/an _____ reading.

(1) inspirational source of

(2) additional burden on

(3) authentic source of

(4) hindrance material for

144. Which one of the following is <u>not</u> a form of literature for children ?
(1) Tales of heroes of history
(2) Picture books
(3) Thesaurus
(4) Myths and legends

145. Which one of the following statements is <u>not correct</u> about Print Rich Environment ?
(1) Encourage children to create their own poems, posters, stories etc. and display them in the class.
(2) It consists of context-based relevant material for children such as pictures, rhymes, stories etc.
(3) Once the material is pasted on walls, it should not be removed for the whole session.
(4) Pictures / posters give children an opportunity to talk about things, persons and happenings.

146. A teacher gives a task of dialogue completion to class V students. The role of this task in language learning will be ________
(1) to provide frequent feedback only on grammatical errors.
(2) teaching of structures.
(3) the separation of spoken and written forms of language.
(4) to facilitate conversation by giving specific language practice using formulaic expressions.

147. Using 'realia' in the language class means bringing _____.
(1) real level of child's learning to the knowledge of parents.
(2) real life situations to communicate.
(3) real objects as teaching aids.
(4) realistic objectives and targets for the learners.

148. The multilingual nature of the Indian class-room must be used as a resource so that ________.
(1) the teacher develops language proficiency.
(2) every child feels secure and accepted.
(3) every child learns at the same pace.
(4) children can learn many languages.

149. An English textbook for class I starts with pictures, poems and stories and ends with alphabets in the end. Which approach does this kind of arrangement reflect in language pedagogy ?
(1) Language across curriculum approach
(2) Eclectic approach
(3) Bottom-up approach
(4) Top down approach

150. While checking the notebooks the teacher observed that a child has repeatedly made some errors in writing such as reverse image as b – d, m – w. The child is showing the signs of _____.
(1) learning differences
(2) learning preference
(3) learning style
(4) learning disability

## भाग – V
## भाषा – II
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – V (प्र.सं. 121 से 150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 121 से 128 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

पाठ्यक्रम को कक्षाक्रम से बहुत कड़ाई के साथ बाँध देने के परिणामस्वरूप बच्चे का विकास एक अनवरत प्रक्रिया नहीं बन पाता, अपितु कृत्रिम खंडों में बँट जाता है। एक स्थिर पाठ्यक्रम बच्चे की व्यक्तिगत रुचियों और क्षमताओं के विकास में सहयोग न देकर एक मजबूरी बन जाता है, जिसे बच्चा और उसका अध्यापक दोनों बेबस होकर स्वीकार करते हैं । यदि एक बच्चा किसी विषय में अपने सहपाठियों से अधिक दिलचस्पी रखता है, तो पाठ्यक्रम की बदौलत उसे पूरे एक वर्ष या इससे भी अधिक प्रतीक्षा करनी होती है, जब वह उस विषय में कुछ अधिक विस्तृत जानकारी अध्यापक और नई पुस्तक से प्राप्त कर सकेगा । श्री अरविंद आश्रम के शिक्षा केंद्र में, जहाँ पाठ्यक्रम पूर्वनिर्धारित और स्थिर नहीं रहता, बच्चों को अपनी व्यक्तिगत रुचि और सामर्थ्य के अनुसार किसी विषय की जानकारी की प्रगति जारी रखने की छूट रहती है। सामान्य स्कूलों में, जहाँ यह छूट नहीं दी जाती । होता प्राय: यह है कि नई कक्षा में आने पर उसे वही विषय बिलकुल नया और अपरिचित लगता है, जिसके बारे में काफी-कुछ वह पिछली कक्षा में जान चुका था । विशेषतौर पर ऐसा तब होता है, जब पाठ्यक्रम पाठ्यपुस्तकों का पर्याय हो, जैसा भारत में है ।

121. **'वर्ष' में 'इक' प्रत्यय लगाने पर नया शब्द बनेगा**

(1) वार्षिक

(2) वर्षिकी

(3) वर्षिक

(4) वार्षिकी

122. **अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि**

(1) पाठ्यक्रम जानकारीपरक होना चाहिए ।

(2) पाठ्यक्रम स्थिर होना चाहिए ।

(3) पाठ्यक्रम में लचीलापन होना चाहिए ।

(4) पाठ्यक्रम पूर्णत: अस्थिर होना चाहिए ।

123. **पाठ्यक्रम का निर्माण करते समय बच्चों की ______ का ध्यान रखा जाना चाहिए ।**

(1) रुचियों और आर्थिक पृष्ठभूमि

(2) क्षमताओं और आर्थिक पृष्ठभूमि

(3) क्षमताओं और पारिवारिक स्तर

(4) क्षमताओं और रुचियों

124. **यह संभव है कि अलग-अलग बच्चे अलग-अलग विषयों में ______ रखते हों ।**

(1) भिन्न पूर्वाग्रह

(2) समान रुचियाँ

(3) समान क्षमताएँ

(4) भिन्न रुचियाँ

125. पाठ्यक्रम को पाठ्यपुस्तकों का पर्याय ______

(1) माना जाता है।

(2) होना चाहिए।

(3) नहीं होना चाहिए।

(4) कहा जा सकता है।

126. 'बच्चों को यह छूट दी जानी चाहिए कि वे अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार किसी विषय की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकें।' यह स्थिति

(1) अव्यावहारिक है।

(2) सराहनीय है।

(3) निंदनीय है।

(4) असंभव है।

127. 'बे' उपसर्ग का प्रयोग किस शब्द में नहीं किया जा सकता ?

(1) फ़िज़ूल

(2) बस

(3) अदब

(4) ईमान

128. 'प्रतीक्षा' शब्द से एक नया शब्द बन सकता है

(1) प्रतीक्षाहीन

(2) प्रतीक्षाशाली

(3) प्रतीक्षारत

(4) प्रतीक्षावान

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 129 से 135 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

आज जब भी कोई गाँव का नाम लेता है तो एक अलग ही छवि उभरती है। वह छवि कहती है कि वहाँ गरीबी है। वहाँ अशिक्षा और अज्ञान है। वहाँ अंध-विश्वास है। गंदगी है। बीमारी है। हमें विचार करना है कि सच क्या है ? क्या हमारे गाँव ऐसे ही थे जैसे आज हैं ? आज जो गाँवों की दुर्दशा हुई है उसके लिए जिम्मेदार कौन है ? इन सवालों की पड़ताल करते हुए हमें नई समझ बनानी है तथा गाँवों के सही स्वरूप की पहचान करनी है। वैसे यह खुदा का शुक्र है कि गाँवों पर कई तरह के आक्रामक दुष्प्रभावों के बावजूद उनका मूल स्वरूप नहीं बदला है। जो दूरस्थ गाँव हैं – शहर के पड़ोस से दूर उनकी निजता तो खासी बची हुई है। ऐसी स्थिति में हमारा दायित्व, एक शिक्षित समाज का दायित्व क्या बनता है ? हमें विचार करना है। मगर ऐसा कोई भी विचार गाँवों को आँखों से देखे बिना, स्वयं देख कर समझे बिना नहीं किया जा सकता। तो हमें अपनी फर्स्ट हैंड समझ बनाने के लिए गाँव चलना है।

अपने मूल स्वरूप में गाँव एक वेधशाला है। एक विद्याशाला है। गाँव वेधशाला या प्रयोगशाला इसलिए है कि ज्ञान को रोज वहाँ कर्म की कसौटी पर कसा जाता है। आजमाया जाता है। जो ज्ञान कर्म की कसौटी पर खरा न उतरे तो उसे खारिज कर दिया जाता है। हर ज्ञान के होने की शर्त यह है वह सृजन और उत्पादन की शान पर तराशा जाए।

129. 'शिक्षित' शब्द में प्रत्यय है

(1) क्षत

(2) क्षित

(3) त

(4) इत

130. गाँव की छवि में क्या शामिल <u>नहीं</u> है ?

(1) कर्म

(2) गंदगी

(3) अशिक्षा

(4) अज्ञान

131. ज्ञान के होने की अनिवार्य शर्त है

(1) उत्पादन और ज्योति

(2) सृजन और धन

(3) सृजन और उत्पादन

(4) धन और उत्पादन

132. अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि

(1) गाँव में लोग अशिक्षित और अज्ञानी हैं ।

(2) गाँव में नकारात्मक परिवर्तन भी हुए हैं ।

(3) गाँव में समस्त परिवर्तन सकारात्मक हैं ।

(4) गाँव में बीमारी और अज्ञान ही है ।

133. गाँव को ठीक से समझने के लिए ज़रूरी है

(1) स्वयं गाँव में जाना

(2) गाँव के किस्से सुनना

(3) गाँव को टी.वी. पर देखना

(4) गाँव के बारे में पढ़ना

134. गाँव को प्रयोगशाला क्यों कहा गया है ?

(1) ज्ञानवान व्यक्ति ज्ञान का प्रयोग करते हैं ।

(2) ज्ञान को जानकारी की कसौटी पर कसा जाता है ।

(3) ज्ञान को कर्म की कसौटी पर कसा जाता है ।

(4) ज्ञान को निरंतर बढ़ाया जाता रहता है ।

135. 'फर्स्ट हैंड समझ' से तात्पर्य है

(1) स्वयं के पूर्वज्ञान, पूर्वाग्रहों से समझ बनाना ।

(2) ज्ञानवान व्यक्तियों से जानकारी लेना ।

(3) दूसरों के अनुभव से समझ बनाना ।

(4) स्वयं के अनुभव से समझ बनाना ।

136. कौन सा प्रश्न कक्षा में बहु-भाषिकता को पोषित करता है ?

(1) फूलों के नाम अपनी भाषा में लिखो ।

(2) अच्छी लगने वाली महक को क्या कहेंगे ?

(3) बुरी लगने वाली महक को क्या कहेंगे ?

(4) तुम्हारे घर में किस-किसकी महक आती है ?

137. 'इस कहानी में पहाड़ी, घाटी शब्दों का इस्तेमाल हुआ है । पहाड़ी इलाके से जुड़े हुए और शब्द सोचकर लिखो ।' – यह अभ्यास प्रश्न ______ का उदाहरण है ।

(1) पर्यायवाची शब्दों से परिचय

(2) संदर्भ में व्याकरण

(3) शब्द-भंडार में विकास

(4) शब्द-कोश का विकास

138. शिक्षण-प्रक्रिया को रुचिकर बनाने में ______ शिक्षण-सामग्री सहायक होती है ।

(1) पत्र-पत्रिकाएँ

(2) ऑडियो-वीडियो

(3) वैविध्यपूर्ण

(4) वीडियोपरक

139. प्राथमिक स्तर पर भाषाई क्षमताओं का विकास ______ है और साहित्य ______ है ।

(1) उद्देश्य, साध्य

(2) साधन, साध्य

(3) साध्य, उद्देश्य

(4) साध्य, साधन

140. प्राथमिक स्तर पर कौन सा भाषा शिक्षण का उद्देश्य नहीं है ?

(1) भाषा संबंधी व्याकरण को पूर्णत: कंठस्थ करना ।

(2) अपने द्वारा कही गई बात की तार्किक पुष्टि करना ।

(3) भाषा का सृजनशील एवं कल्पनाशील प्रयोग करना ।

(4) रचनाओं के माध्यम से विभिन्न विषयों से जुड़ना ।

141. कक्षा में भाषा की ______ के प्रति ______ बनकर उसका उपयोग भाषा शिक्षण में करना चाहिए ।

(1) एकरूपता, संवेदनशील

(2) विविधता, विद्वान

(3) विविधता, संवेदनशील

(4) संवेदनशीलता, कठोर

142. प्राथमिक स्तर पर कौन सी गतिविधि बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति के विकास में सबसे कम प्रभावी है ?

(1) चित्र दिखाकर कहानी कहलवाना ।

(2) घटना वर्णन करना ।

(3) कहानी को शब्दश: दोहराना ।

(4) कहानी को अपनी भाषा में कहना ।

143. मुहावरे और लोकोक्तियों के प्रयोग के संदर्भ में कौन सा कथन उचित है ?

(1) भाषा का अलंकरण इनका कार्य है ।

(2) ये भाषा का अनिवार्य हिस्सा है ।

(3) ये भाषा-प्रयोग को प्रभावी बनाते हैं ।

(4) ये भाषा को नियंत्रित करते हैं ।

144. मीता ने सभी बच्चों को एक अनुच्छेद दिया जिसमें हर पाँचवें शब्द की जगह रिक्त स्थान था, जिसे बच्चों को भरना था । मीता ने किसका प्रयोग किया ?

(1) क्लोज़ परीक्षण

(2) पठन परीक्षण

(3) लेखन परीक्षण

(4) व्याकरण परीक्षण

145. बच्चों में ______ और ______ के माध्यम से लेखन कौशल का विकास किया जा सकता है ।

(1) लिपि-चिह्नों, अक्षर बनावट

(2) रेखांकन, चित्रांकन

(3) चित्रांकन, लिपि-चिह्नों

(4) रेखांकन, लिपि-चिह्नों

146. मुदिता अकसर 'श' को 'स' बोलती है । मुदिता की भाषा-शिक्षिका के रूप में आप इस स्थिति के बारे में क्या कहेंगे ?

(1) भाषा-प्रयोग में लापरवाही

(2) भाषागत त्रुटि का होना

(3) क्षेत्रीय भाषा का प्रभाव

(4) भाषागत ज्ञान का अभाव

147. निम्नलिखित में से कौन सा प्रश्न बच्चों की भाषा-क्षमता के विकास में सर्वाधिक सहायक है ?

(1) तुम्हारी मनपसंद किताब कौन सी है ?

(2) डाल-डाल का इस्तेमाल करते हुए वाक्य बनाओ ।

(3) तितली कली के पास कब गई होगी और क्यों ?

(4) तितली और कली ने क्या खेल खेला ?

148. 'सामाजिक अंत:क्रिया' की अवधारणा ______ से संबंधित है ।

(1) वाइगोत्स्की

(2) स्किनर

(3) पियाजे

(4) चॉम्स्की

149. स्किनर ने भाषा सीखने की प्रक्रिया में ______ पर सर्वाधिक बल दिया ।

(1) सृजनात्मकता

(2) अंत:क्रिया

(3) अनुकरण

(4) भाषा अर्जन क्षमता

150. बच्चों की भाषाई-क्षमताओं के आकलन के लिए ______ सर्वाधिक सहायक है ।

(1) बच्चों का शिक्षक द्वारा प्रदत्त अभ्यास कार्य करना

(2) बच्चों की परस्पर अनौपचारिक बातचीत

(3) बच्चों की कक्षा में औपचारिक बातचीत

(4) बच्चों और शिक्षक की परस्पर औपचारिक बातचीत